राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | बुधवार, 07 फरवरी 2024 ● माघ कृष्ण पक्ष 13, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 290 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

झारखंड विधानसभा में सीएम चंपई सोरेन के फ्लोर टेस्ट के लिए आहूत विशेष सत्र का समापन हो गया. स्पीकर ने विधानसभा की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है. मंगलवार को सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने जो योजनाएं बनाई हैं, हम उन योजनाओं को आगे बढ़ने के लिए हेमंत सोरेन सरकार पार्ट टू बने हैं. हमारी सरकार हेमंत सरकार का पार्ट 2 है. हम इसे स्वीकार करते हैं. बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आज जो खुद को भाजपा का बड़ा हिमायती कहते हैं वह पहले मुख्यमंत्री थे. भाजपा ने उन्हें अयोग्य घोषित कर 2 साल में चेंज कर दिया. उस समय तो कोई राजनीतिक परिस्थिति पैदा नहीं हुई थी.



विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित | राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष में तीखी नोकझोंक

# स्वीकार करते हैं कि हम हेमंत सरकार के पार्ट-2 हैं : चंपाई सोरेन

## साजिशों के बाद भी सरकार नहीं गिरी, नेतृत्व बदला : आलमगीर

राज्यपाल के अभिभाषण पर मंत्री आलमगीर आलम ने सरकार की ओर से उत्तर दिया. उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन के नेतृत्व में बनी सरकार हेमंत सोरेन के कार्यों को आगे बढ़ाएगी. कहा कि हमारी सरकार 2019 में आई थी. यह सभी जानते हैं कि भाजपा ने किस तरह पहले दिन से ही हमारी सरकार को गिराने के षडयंत्र रचे. सरकार गिरी नहीं, लेकिन हेमंत सोरेन के इस्तीफे का कारण नेतृत्व परिवर्तन हुआ इसलिए इस सरकार का नाम हेमंत सरकार पार्ट 2 है. हेमंत सरकार के अधूरे कामों को हमारी सरकार पूरी करेगी. आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के जरिये हेमंत सरकार ने गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्या सुनी है. भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग प्रदेश की कानून व्यवस्था की बात करते हैं, लेकिन इनमें मणिपुर की हालत पर बोलने की हिम्मत नहीं है.

## जनादेश के हरण का कुंठित प्रयास किया गया: सुदिव्य

झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि 2019 में राज्य की जनता ने हेमंत सरकार को जनादेश दिया था, लेकिन भाजपा ने जनादेश का हरण करने का कुंठित प्रयास किया. इस हरण में राजभवन की भूमिका भी संदिग्ध हो जाए तो सवाल उठना लाजिमी हो जाता है. राजभवन की शुचिता और मर्यादा को तार-तार कर दिया गया है. 31 जनवरी को हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद इनके मुंह से लार टपक रही थी की सरकार बनाएंगे, लेकिन आंकड़े तो इनके पास थे नहीं. राज्य के जनादेश का हरण करने वालों को जनता चुनाव में सबक सिखायेगी. विधायक ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष कह रहे थे कि परिवारवाद से मुक्ति हो गई, लेकिन उन्हें अपनी पार्टी में परिवारवाद नहीं दिखता है. भाजपा को सींचने वाले विधायक बैक बेंचर बने हुए हैं. इनको अपनी पार्टी के भानु प्रताप, अपर्णा सेनगुप्ता, अमित मंडल और जेपी पटेल जैसे नेताओं में परिवारवाद नहीं दिखता है.

## निशिकांत दुबे के इशारों पर चल रही भाजपा: दीपिका

कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि कल जो कुछ सदन में हुआ, उसे देश ने देखा. संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति (राज्यपाल) के आचरण को को सबने देखा. सोमवार को भाजपा के एक-एक विधायक की नजर शर्मिंदगी से झुकी हुई थी. राज्यपाल अभिभाषण पढ़ रहे थे, सरकार के कामकाज की तारीफ कर रहे थे, लेकिन उनके बॉडी लैंग्वेज से लग रहा था वे सरकार से सहमत नहीं थे. सांसद निशिकांत दुबे पर हमला करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा निशिकांत दुबे के इशारों पर चल रही है. भावुक होकर दीपिका ने कहा कि हेमंत सोरेन जब जेल से बाहर निकलेंगे, तब कुंदन की तरह तपकर बाहर आएंगे.

## नया इतिहास रचने के लिए सत्ता पक्ष को धन्यवाद: लंबोदर

आजसू विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि जब राज्यपाल का अभिभाषण हो रहा था, तब सत्ता हेमंत सोरेन समेत सत्ता पक्ष के तमाम विधायक खड़े होकर राज्यपाल की हूटिंग कर रहे थे. ऐसे कोई सदन नहीं होगा जहां सत्ता पक्ष के सद्स्यों ने राज्यपाल की हूटिंग की हो. यह नया इतिहास रचने के लिए वे सत्ता पक्ष को धन्यवाद देना चाहिए. लंबोदर ने कहा कि राज्यपाल ने अपने अभिभाषण की 67 कंडिका पढ़ी. बाद में पता चला यह तो झूठ का पुलिंदा है. सरकार की पोल न खुले इसलिए सत्ता पक्ष के लोगों ने अभिभाषण के समय हल्ला शुरू कर दिया था.

## एसएनएमएमसीएच का कारनामा: यूज्ड इंजेक्शन-स्लाइन चढ़ाया

# डॉक्टरों ने किया लाश का इलाज

रिजवान शम्स/ राजा गुप्ता। धनबाद

धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल में एक अजीबोगरीब मामला पेश आया है. ऑक्सीजन लगे मरीज को अल्ट्रासाउंड के लिए अस्पताल से भेजा गया, निजी लैब में तबीयत बिगड़ने पर जब उसे अस्पताल वापस लाया गया तो उसकी मौत हो चुकी थी, डॉक्टरों ने इसीजी की और इसमें मौत की पुष्टि के बाद भी शव को स्लाइन, ऑक्सीजन और कई इंजेक्शन लगा दिए. हालांकि एक घंटे बाद फिर मृत घोषित कर दिया. इसके बाद परिजन शव को लेकर बिना किसी हंगामे के चले गए.

यह वाकया लोयाबाद कोक प्लांट बबलू अंसारी उम्र करीब 45 साल के साथ घटी है. सोमवार की देर शाम उसके पेट में दर्द होने के कारण उसे एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया था. उसे सांस लेने में दिक्कत होने के कारण ऑक्सीजन सपोर्ट में रखा गया. सुबह चिकित्सक ने उसके पेट का अल्ट्रासाउंड कराने का मशविरा दिया. चूंकि अस्पताल में अल्ट्रासाउंट नहीं हो रहा था, इस कारण उन्हें स्टीलगेट के लैब ले जाया गया. उनके साथ गए पड़ोसी कुंदन रजक ने बताया कि ऑटो में आराम से बैठ कर गए, लैब में थोडे असहज दिखे और एक तरफ झुकते चले गए. थोड़ी देर में ही तीन-चार हिचकी ली और गर्दन झुक गयी. तब वहां से बबलू के परिजन उसे लेकर अस्पताल भागे, अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी सांसें भी थम गई थी. शरीर में कोई हरकत नहीं थी. रोते-बिलखते परिजन उसे ऑटो से उतार कर चिकित्सकों के पास ले गए. चिकित्सकों ने सिर्फ इतना पूछा कि इन्हें ऑक्सीजन लगा था क्या, जवाब मिला हां, शेष माजरा उनकी समझ में आ गया. आंख की पुतली, नब्ज आदि की जांच की गई. आंखों के इशारों से चिकित्सकों के बीच विचारों का आदान-प्रदान हुआ. फिर तय हुआ कि फिलहाल मरने की पुष्टि नहीं की जाए, वर्ना हंगामा हो सकता है. आगे ईसीजी किया गया, उसमें जीवित होने का कोई संकेत नहीं था, इसके बाद भी बबलू की लाश को ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया, धड़ाधड़ दो इंजेक्शन लगा दिए गए और फिर स्लाइन भी चढ़ा दिया गया. परिजनों से कहा गया कि देख रहे हैं, हालांकि परिजन इस बात का अंदाजा पहले ही कर चुके थे, बबलू अब नहीं रहा, बावजूद इसके डाक्टरों की कार्रवाई देखकर उन्हें झूठी ही सही लेकिन एक उम्मीद सी जगी. लेकिन एक घंटे बाद ही फिर डॉक्टरों ने माहौल को भांपते हुए बबलू को मृत घोषित कर दिया. रोते-बिलखते परिजन उसका शव लेकर घर को निकल गए.

**शुभम संदेश एक्सक्लूसिव**

- ऑक्सीजन खोल कर अल्ट्रासाउंड के लिए भेजा था निजी लैब, मरने के बाद परिजन लेकर पहुंचे अस्पताल तो इलाज का नाटक
- इसीजी देखने के बाद लापरवाही छिपाने के लिए लाश को लगाया ऑक्सीजन, चढ़ाई स्लाइन व दिए इंजेक्शन

### साल भर से बंद है सरकारी अल्ट्रासाउंड

एसएनएमएमसीएच में साल भर से अल्ट्रासाउंड बंद है. बताया गया कि पूर्व में डॉक्टर साजिया यहां रेडियोलोजिस्ट थीं. उनके जाने के बाद यहां कोई दूसरा रेडियोलोजिस्ट नहीं आया. इससे सरकारी स्तर पर अल्ट्रासोनोग्राफी नहीं हो पा रही है. पूर्व में 100 रुपए में सोनोग्राफी हो जाती थी, इसका फायदा धनबाद के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के गरीबों को मिलता था, यह व्यवस्था बंद होने का खामियाजा अब लोगों को जान देकर चुकानी पड़ रही है.

अस्पताल में मृत को इलाज



**आक्सीजन से सस्ती है बबलू की जान :** परिजन बता रहे थे कि रात में पेट दर्द के बाद वो बात कर रहा था, ऐसा नहीं लगा कि मौत हो जाएगी. पर जैसे ही आक्सीजन खोलकर उसे लैब भेजा गया, तबीयत बिगड़ने लगी. जबकि उन लोगों पूछा था कि ऑक्सीजन खोलने पर कोई खतरा तो नहीं है, जवाब में कहा कि नहीं कुछ नहीं होगा. लेकिन बबलू की मौत हो गई.

### पीपीपी मोड सोनोग्राफी भी दो दिन रहता बंद

सरकारी के अलावा यहां अब पीपीपी मोड से अल्ट्रासोनोग्राफी का काम चलता है. यहां करीब आठ से बारह सौ रुपये तक का चार्ज है. लेकिन ये भी सप्ताह में पांच दिन ही चालू रहता है. क्योंकि इसमें सेवा दे रहे रेडियोलोजिस्ट सप्ताह में दो दिन सोमवार और मंगलवार को ड्यूटी नहीं आते हैं. ऐसे में प्रतिदिन हजारों की संख्या में जो मरीज एसएनएमएमसीएच इलाज को पहुंचते हैं, इन्हें सोनोग्राफी के लिए बाहर के लैबों में जाना पड़ता है. बबलू भी इसी व्यवस्था का शिकार बन गया, यदि अस्पताल परिसर में ही उसकी सोनोग्राफी होती तो शायद वो आज जिंदा होता.

**लोगों में रोष**

# नक्सल प्रभावित जोजोहातू में सीआरपीएफ कैंप का विरोध



संवाददाता। चाईबासा

मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित गांव जोजोहातू (पंडावीर पंचायत) में स्थायी सीआरपीएफ कैंप निर्माण की कवायद शुरू हो गयी है. इसके लिये सीआरपीएफ अफसरों ने जमीन की खोज भी शुरू कर दी है. लेकिन ग्रामीण गांव में कैंप खुलने का विरोध खुलकर कर रहे हैं. ग्रामीण इसके लिये सहमति देने को तैयार नहीं हैं. आरोप है कि अफसर जमीन लेने के लिये गांव के ग्राम मुंडा जॉर्ज तुबिड पर गलत तरीके से दबाव भी बना रहे हैं. मुंडा जॉर्ज तुबिड मंगलवार को कोल्हान भूमि बचाओ समिति के अध्यक्ष तथा आदिवासी हो समाज महासभा के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सावैयां के नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और शिकायत पत्र सौंपा.

पत्र में ग्राम मुंडा जॉर्ज तुबिड ने कहा है कि जोजोहातु का ग्राम मुंडा हूं. ग्रामसभा का अध्यक्ष भी हूं. मेरे गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय जोजोहातु में सीआरपीएफ कैंप स्थापित है. कैंप के अधिकारी नए कैंप की स्थापना के लिये जमीन मांग रहे हैं. इससे मैं तनावग्रस्त हूं. गांव का मुंडा और ग्रामसभा का अध्यक्ष होने के नाते मैं ग्रामीणों की सहमति के बिना कोई भी निर्णय लेने में सक्षम नहीं हूं. ग्रामीण नहीं चाहते हैं कि उनकी जमीन पर गांव में कैंप बने. क्योंकि पूर्व में गांव की एक लड़की के साथ एक जोजोहातु सीआरपीएफ कैंप के जवान द्वारा दुष्कर्म की कोशिश की घटना घट चुकी है. इस घटना से ग्रामीण डरे हुए हैं. यह घटना 15 जून 2023की है. मध्यरात्रि में कैंप का एक जवान पास के एक घर में घुसकर एक नाबालिक लड़की से दुष्कर्म का प्रयास किया था. इसकी लिखित शिकायत मुफ्फसिल थाने में की गयी थी. लेकिन प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी. पुलिस अधीक्षक और आपको भी सूचना दी गयी थी. लेकिन जिला प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की. कैंप हटाने की भी मांग की गयी थी. पत्र में मुंडा ने ये भी कहा है कि हमारी ग्रामसभा ने पूर्व के अनुभव के आधार पर पाया है कि कैंप के जवान हमारी बहू-बेटियों पर बुरी नजर रखते हैं. इसलिये स्कूल से कैंप हटाया जाये ताकि पढ़ाई प्रभावित न हो. अन्यथा जनांदोलन किया जायेगा.

**खास बातें**

- ग्राम मुंडा ने कहा, हम नहीं चाहते हैं कि कैंप गांव में खुले
- डीसी से लिखित शिकायत कर कहा, अफसर मांग रहे हैं जमीन

### कैंप नहीं बनने दिया जाएगा : विनोद सावैयां

आदिवासी हो समाज महासभा के जिलाध्यक्ष तथा कोल्हान भूमि बचाओ समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार सावैयां ने कहा कि अब फिर से जोजोहातु में कैंप नहीं बनने दिया जायेगा. गांव की एक नाबालिग लड़की से एक जवान द्वारा रेप की कोशिश हो चुकी है. शिकायत के बाद भी जिला प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की थी. ऐसे में कैंप और खुलेगा तो पूरा गांव भय के वातावरण में आ जायेगा.

# ईडी की टीम भानु को जेल से अपने ऑफिस ले आई

संवाददाता। रांची

सीआई भानू प्रताप को होटवार जेल से लेकर मंगलवार को ईडी की टीम रांची ऑफिस पहुंची. भानू से ईडी की टीम अगले चार दिनों तक पूछताछ करेगी. अब ईडी की टीम हेमंत सोरेन और भानु प्रताप को आमने-सामने बैठा कर जमीन घोटाला मामले में पूछताछ कर सकती है. वहीं दूसरी तरफ बड़गाईं अंचल के प्राइवेट अमीन शसेंद्र महतो को समन भेजकर पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाया है.

- *आरोपी के साथ इस पूरे प्रकरण में शामिल अन्य लोगों की भूमिका का पता लगाने के लिए पूछताछ जरूरी है.*
- *धन और संपति के उन स्रोतों की जांच करना, जिसके जरिए बड़े भूखंड पर कब्जा किया गया और आरोपी द्वारा अर्जित की गयी अन्य संपत्तियों की जांच के संबंध में पूछताछ जरूरी है.*
- *ईडी के पास जो साक्ष्य हैं, उसे आरोपी के समक्ष रखकर पूछताछ की जाएगी. जिससे यह पता चल पाए कि आरोपी के साथ भूमि के अवैध अधिग्रहण में और कौन-कौन शामिल*

# मेगा ब्लॉक के कारण आज कई ट्रेन रद्द

## आप को अगर उधर जाना है, पता करके जाएं, कई का समय बदला, कुछ का रूट बदला गया

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर चक्रधरपुर रेल मंडल के राउरकेला-झारसुगुड़ा सेक्शन में रेलवे द्वारा विकास कार्यों को लेकर बुधवार को 6 घंटे का मेगा ब्लॉक लिया जाएगा. इसे कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा. मेगा ब्लॉक के मद्देनजर कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, जबकि कई ट्रेनें री-शिड्यूल की गई है. टाटा इतवारी टाटा एक्सप्रेस को रद्द किया गया है. राउरकेला- झारसुगुड़ा - राउरकेला मेमू पैसेंजर, चक्रधरपुर-



राउरकेला-चक्रधरपुर मेमू पैसेंजर और बीरमित्रपुर-बरसुआं पैसेंजर को रद्द किया गया है. पुरी-राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस झारसुगुड़ा से शॉर्ट टर्मिनेट की गई है. यह ट्रेन 7 फरवरी को झारसुगुड़ा और राउरकेला के बीच रद्द रहेगी. हावड़ा-टिटलागढ़ इस्पात एक्सप्रेस चक्रधरपुर से शॉर्ट टर्मिनेट की गई है. उक्त ट्रेन की रैक पैसेंजर स्पेशल बनकर चक्रधरपुर से हावड़ा की ओर जाएगी.

कांटाबंजी-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस झारसुगुड़ा से शॉर्ट टर्मिनेट होगी और यह ट्रेन पैसेंजर स्पेशल बनाकर झारसुगुड़ा से टिटलागढ़ की ओर जाएगी. वहीं, 6 फरवरी को मुंबई सीएसटी-हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस को 3 घंटे 45 मिनट देर से खुलेगी. लोकमान्य तिलक कल्याण एक्सप्रेस 6 घंटे और बेंगलुरु-हटिया एक्सप्रेस 3:30 घंटे रि-शिड्यूल की गई है. राजेंद्र नगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस राजेंद्र नगर से 3 घंटे देर से खुलेगी. दुर्ग-राजेंद्र नगर साउथ बिहार एक्सप्रेस 7 फरवरी को रि-शिड्यूल्ड की गई है और यह गाड़ी दुर्ग से 3 घंटे विलंब से खुलेगी. योग नगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस 6 फरवरी को ऋषिकेश से 3 घंटे 15 मिनट और विशाखापट्नम-बनारस एक्सप्रेस 2 घंटा 45 मिनट देर से विशाखापट्नम से खुलेगी.

**सूरते-हाल** 30 वर्षों से एक भी क्वार्टर की मरम्मत नहीं हुई, बरसात में छत से रिसता पानी, 24 हजार में 20 हजार क्वार्टरों की हालत जर्जर

# अरबपति धनबाद रेल मंडल के कर्मियों का आशियाना बना खंडहर

संवाददाता। धनबाद

भारतीय रेलवे के 74 रेल मंडलों में अरबपति धनबाद रेल मंडल के कर्मचारियों का आशियाना इन दिनों खंडहर बन चुका है. फिर भी रेलकर्मी परिवार रेलवे क्वार्टरों में रहने के लिए विवश हैं. सूत्रों के अनुसार धनबाद रेल मंडल में लगभग 25 हजार अधिकारी व रेलकर्मी है, जिसमें 24 हजार के आसपास रेलवे क्वार्टर है. इसमें 20 हजार क्वार्टर खतरनाक घोषित हो चुके हैं, जो अंग्रेजों के जमाने के हैं.

इसे तोड़कर वहां दो मंजिला रेलवे क्वार्टर बनाने का निर्देश है. इसके अलावा पार्क व मार्केट कांप्लेक्स बनाने की भी योजना है, लेकिन अधिकारियों के अधिकतर योजनाएं कागजों पर सिमट कर रह जाती है. यहां तक की जो जर्जर क्वार्टर हैं, उसका मेंटेनेंस तक नहीं होता है. ईसीआरकेयू के नेता व सदस्य कई बार स्थायी वार्ता तंत्र की बैठक में यह मुद्दा उठा चुके हैं. अधिकारी भी भरोसा दे देते हैं कि बहुत जल्द ही टेंडर निकलवा कर सभी जर्जर क्वार्टरों को बेहतर ढंग से मरम्मत करा देंगे.

पिछले 30 वर्षों से एक भी क्वार्टर का मरम्मत नहीं हुआ है. रेलकर्मी बताते हैं कि बरसात के दिनों में तीन महीने काफी परेशानी होती है. छत व दीवार से पानी रिसता है. दीवारों पर बिजली के करंट दौड़ते हैं. कई बार बिजली का झटका भी लग चुका है, लेकिन अधिकारियों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है.



**रेलकर्मियों के भरोसे नंबर वन का खिताब हासिल करते हैं अधिकारी :** रेलकर्मी बताते हैं कि जो रेलवे के अधिकारी हर साल 260 अरब की कमाई कर नंबर का खिताब हासिल करते हैं, उसमें कर्मियों का योगदान 90 फीसदी है. जिस कर्मचारियों के भरोसे नंबर वन हैं, वही कर्मी जर्जर आवासों में परिवार के साथ जिंदगी गुजारा कर रहे हैं. शिकायत के बावजूद कोई भी अधिकारी नहीं सुनते हैं. कई रेलकर्मी तो रेलवे ट्रैक पर काम करते-करते अपनी जान गंवा चुके हैं, लेकिन अधिकारी को तरस भी नहीं आता है. अनुकंपा के आधार पर आश्रित को नौकरी देते हैं और पिंड छुड़ा लेते हैं. कर्मचारियों की सुविधा का ख्याल कभी नहीं रखा जाता है.

### अधिकारियों के बंगले का हर साल होता है मेंटेनेंस

रेलकर्मी बताते हैं कि धनबाद रेल मंडल में 100 से अधिक रेल अधिकारी है और बड़े-बड़े बंगले में रहते हैं. उनके बंगले का हर साल बरसात से पहले मेंटेनेंस होता है. रंगाई-पोताई भी होता है. खिड़की-दरवाजा और बगिया का गेट भी दुरूस्त हो जाता है. पुराना है तो नया लग जाता है. इसके लिए टेंडर निकालने की जरूरत नहीं होती है. रेलवे के पास हर साल विभिन्न कार्यों के लिए करोड़ों का बजट आता है, जिसमें रेलवे के अधिकारी निजी तौर पर इस्तेमाल कर लेते हैं और दूसरे कार्य में दिखा देते हैं. बंगले के भीतर पुराने टाइल्स को भी तुड़वा कर नया बिछाते हैं. शौचालय व स्नान घर को भी मेंटनेंस करा कर नया रूप देते हैं. बंगले के साथ-साथ अपने कार्यालय के चेंबर का भी मेंटेनेंस कराते हैं. यहां तक की हर साल खिड़की का पर्दा भी लगाते हैं.

**ईसीएल की राजपुरा कोलियरी की घटना**

# मुगमा में केबल चोरों ने सुरक्षा बलों पर किया हमला, जवाब में फायरिंग

संवाददाता। मैथन

ईसीएल मुगमा एरिया की राजपुरा कोलियरी में सोमवार की देर रात केबल व डीजल चोरी करने आए चोरों के दल ने ईसीएल के सुरक्षा बलों पर हमला बोल दिया. जमकर पथराव किया. इससे सुरक्षा टीम की गाड़ी का शीशा टूट गया. जवाब में सुरक्षा बलों ने तीन राउंड गोली चलाई. फायरिंग के बाद चोरों का दल भाग निकला और चोरी का मंसूबा कामयाब नहीं हुआ.

चोरों की संख्या 25-30 बताई जा रही है. गलफरबाड़ी ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली. कोलियरी प्रबंधक संजीव कुमार ने गलफरबाड़ी ओपी में ऑनलाइन शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि शिवलीबाड़ी की ओर से रात दो-ढाई बजे के बीच 25-30 की संख्या में चोरों का दल कोलियरी में घुसा. तभी वहां तैनात सुरक्षा गार्ड की नजर उनपर पड़ी.

गार्ड ने इसकी सूचना कोलियरी प्रबंधक को दी. प्रबंधक की सूचना पर ईसीएल की सुरक्षा टीम दल-बल के साथ मौके पर पहुंची. देखा कि चोरों का दल चोरी के प्रयास में लगा है.टीम ने उन्हें खदेड़कर पकड़ने का प्रयास किया. खुद को घिरते देख चोरों ने सुरक्षा बलों पर ताबड़तोड़ पथराव शुरू कर दिया. जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने तीन राउंड फायरिंग की. यह देख चोरों का दल मौके से फरार हो गया.

## गोपीनाथपुर और श्यामपुर 'ए' कोलियरी को निजी एमडीओ मोड में देने के खिलाफ होगा महाजुटान

# केंद्र पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है : अरूप

संवाददाता। निरसा

गोपीनाथपुर और श्यामपुर 'ए' कोलियरी को एमडीओ मोड में देने के विरोध में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की ओर से 12 फरवरी 24 से गोपीनाथपुर कोलियरी में महजुटान होगा. इसे सेंट्रल आफ इण्डिया ट्रेड यूनिस (सीटू) के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद की तपन सेन, सीएमएसआई के महासचिव, पूर्व सांसद विकास चौधरी, ऑल इंडिया कोल वर्कर्स फेडरेशा के महासचिव डी. रामानंदन और बीसीकेयू के महासचिव पूर्व विधायक अरुप चटर्जी मुख्य रूप से संबोधित करेंगे. उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंगलवार को बीसीकेयू ने निरसा मासस कार्यालय में एक बैठक कर आगे की रणनीति बनायी. जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष आगम राम तथा संचालन क्षेत्रीय सचिव कार्तिक चन्द दत्ता ने किया. बैठक को संबोधित करते हुए अरुप चटर्जी ने कहा कि केंद्र सरकार देश के सभी सार्वजनिक उद्योगों को निजी मालिकों के हाथों में सौंप रही है. गोपीनाथपुर और श्यामपुर ए को भी मात्र 16 करोड़ रुपये में 25 साल के लिए निजी मालिक को सौंप दिया गया, जो मात्र 4.85%, रॉयल्टी देगा. उन्होंने कहा कि दोनों जगहों पर अच्छी गुणवत्ता के कोयले का विशाल भण्डार है.

सैकड़ों करोड़ रुपये की संपत्ति को मात्र 16 करोड़ में देकर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का काम सरकार कर रही है. हमारी यूनियन इसके खिलाफ आर-पार की लड़ाई लडेगी, जिसकी शुरुआत 12 फरवरी से होगी. जिसमें हजारों लोगों का जुटान होगा. बैठक को आगम राम, कार्तिक चंद्र दत्ता, रामजी यादव, लालू ओझा, कमल बाउरी, दीपक सिंह, अमित मुखजी, शेवर महतो, मनोज लाल, तापस चटर्जी, उत्तम कर, मो. अनवर, हरेराम, जूठन हरिजन, किशोर माजी, रोशन मिश्रा, बंशी सिंह, साधन चटर्जी के अलावा मुखिया संघ के अध्यक्ष दिनेश सिंह, मुखिया अजय पासवान मुखिया संगीत रविदास, मजनू बाउरी मुखिया, मनोज सिंह (मुखिया प्रतिनिधि) सुखलाल मरांडी मुखिया, हरखेद्र शर्मा, बाली गोप शेकर महतो मनोज लाल इत्यादि ने संबोधित किया. महजुटान में 15 हजार लोगों के शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है.



### खास बातें

- बीसीकेयू ने मासस कार्यालय में बैठक कर बनायी रणनीति
- महाजुटान कार्यक्रम में 15 हजार कार्यकर्ता होंगे शामिल

## ब्रीफ खबरें

### मोटर का केबल चोरी जलापूर्ति हुई बाधित

**तेतुलमारी।** सोमवार देर रात बीसीसीएल कुसुण्डा एरिया छह के ईस्ट बसुरिया कोलियरी अंतर्गत खेमका आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रोजेक्ट से पीट वाटर सप्लाई में लगे मोटर का चालीस फीट कोपर केबल चोरों ने चुरा लिया. घटना से ईस्ट बसुरिया के करीब पांच हजार आबादी वाले इलाके में जलापूर्ति बाधित हो गया. केबल चोरी की सूचना कर्मियों द्वारा ईस्ट बसुरिया प्रबंधक को दिया गया. जिसके बाद अधिकारी और जवानों ने घटना स्थल का मुआयना किया. ईस्ट बसुरिया चार नंबर, पांच नंबर एक नंबर, सात नंबर के लोगों को बुधवार को पीट वाटर सप्लाई संभव हो सकेगा.

### कोयला चोरी मामले में 6 लोगों को भेजा जेल

**धनसार (धनबाद)।** धनसार थाना की पुलिस ने बाइक से कोयला चोरी करते पकड़ाए छह लोगों को मंगलवार को जेल भेज दिया. प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने सोमवार को इनलोगों को कोयला लदी बाइक के साथ पकड़ा था. ज्ञात हो कि धनसार पुलिस ने सोमवार को बाइक से अवैध कोयला ले जाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया. इसी बीच पुलिस ने बरमसिया और जोड़ा फाटक में छह कोयला चोरों को धर दबोचा, जबकि अन्य भाग निकले.

### गुमशुदगी मामले में हुआ सनहा दर्ज

**बलियापुर।** बलियापुर थाना क्षेत्र के घरबड़ पंचायत के सिमपाथर निवासी 50 वर्षीय जयराम कर्मकार के पुत्र मुकंद कर्मकार 24 वर्षीय विगत 5 फरवरी को सुबह लगभग 3:30 से लापता है, जिससे पिता जयराम कर्मकार पूरी तरह से मर्माहत है. इस बाबत पिता जयराम कर्मकार ने बलियापुर थाने में आवेदन देकर अपने पुत्र की बरामदगी के लिए सनहा दर्ज कर अपनी बातों को रखते हुए कहा कि उनका पुत्र 4 फरवरी को शाम खाना खाने के बाद रूम में सोने गया था और सुबह-सुबह पता चला कि पुत्र घर से गायब है.

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 से शुरू

**धनबाद।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) 10 फरवरी से लेकर 25 फरवरी के बीच 24 लाख लोगों को दवा खिलाई जाएगी. दवा खिलाने को लेकर डॉक्टर और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है. लगभग 10000 से ज्यादा स्वास्थ्य कर्मी, आंगनबाड़ी कर्मी, सहिया आदि का दवा खिलाने के लिए सहयोग लिया जा रहा है. 15 दिनों में विभिन्न जगहों पर दवा वितरण केंद्र बनाकर दवा खिलाई जाएगी. सदर अस्पताल में मंगलवार को कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया.

### पुण्यतिथि पर याद किए गए एनडी ग्रोवर

**महुदा।** दिवंगत महात्मा एनडी ग्रोवर की पुण्यतिथि पर डीएवी महुदा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. विधालय के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने दिवंगत की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. मालूम हो कि महात्मा एनडी ग्रोवर एक समर्पित समाजसेवी थे तथा उन्होंने अपने कठिन प्रयास के दम पर झारखंड और बिहार राज्यों में 100 से भी अधिक डीएवी विद्यालयों की स्थापना की. इस अवसर पर प्राचार्य आशीष कुमार मंडल ने उनके प्रयासों को याद करते हुए कहा कि कार्य के प्रति निष्ठा और समर्पण के द्वारा हम ग्रोवर को सच्ची श्रद्धांजलि समर्पित कर सकते हैं.

## एक महीने अटकी रही फाइल, निगम ने अब शुरू की टेंडर प्रक्रिया

# गर्मी से पहले ठीक हो जाएंगे निगम क्षेत्र के खराब चापाकल

संवाददाता। धनबाद

गर्मी आने से पहले खराब चापाकलों को ठीक करा लिया जाएगा. इसके लिए नगर निगम ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है. अगले सप्ताह तक टेंडर निकाल दी जाएगी. नगर आयुक्त रविराज शर्मा के निर्देश पर सभी 55 वार्डों में खराब चापाकलों की सूची मांगा था. एक से 55 वार्ड में करीब एक हजार खराब चापाकल है. जिनकी मरम्मत कराई जाएगी. करीब एक हजार खराब चापाकलों को ठीक कराने के लिए करीब 15 लाख की निविदा निकाली जाएगी. सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक ने बताया कि आगामी गर्मी में किसी को भी पेयजल की समस्या न हो इसकी तैयारी निगम द्वारा शुरू कर दी गई है.



**पानी के टैंकरों की भी होगी मरम्मत**

आगामी गर्मी में पेयजल संकट से निपटने के लिए नगर निगम अभी से कमर कसना शुरू कर दिया है. सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक ने बताया कि कि पानी के टैंकरों की हर खराबी की मरम्मत के गर्मी शुरू होने से पहले करा लिया जाएगा. जिससे जलापूर्ति की समस्या न हो.

### लेखा पदाधिकारी ने एक महीने लटकाई फाइल

खराब चापाकलों की मरम्मती के लिए बनी फाइल मंगलवार को लेखा पदाधिकारी शुभा जायसवाल द्वारा आगे बढ़ाया गया है. उनके द्वारा फ़ाइल को एक महीने तक लटका कर रखा गया है. जिससे टेंडर प्रक्रिया एक महीने देर से होने जा रही है. लेखा पदाधिकारी द्वारा फ़ाइल आगे बढ़ाने के बाद टेंडर का रास्ता साफ हो गया है. अगले सप्ताह खराब चापाकलों की मरम्मती के लिए टेंडर निकाल दी जाएगी.

## कतरास में छह दिनों से जलापूर्ति बाधित, 30 हजार लोग प्रभावित

**कतरास।** कतरास जमुनिया जलापूर्ति योजना का पानी पिछले 6 दिनों से कतरास के विभिन्न इलाकों में बाधित रहने के कारण लोग परेशान हैं. जलापूर्ति बाधित रहने से छाताबाद केलूडीह अकाशकिनारी कतरासगढ़ पंचगढी बाजार सलेक्ट टांडा सहित अन्य इलाके के करीब तीस हजार आबादी प्रभावित हैं. मामले को लेकर भाजपा मंडल मंत्री रामकुमार साहू उर्फ छोटू ने बताया कि करीब एक सप्ताह से जलापूर्ति बाधित है. लोग पानी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं, लोग दूर जाकर चापानल, कुआं से पानी लाकर काम चला रहे हैं. जल्द समस्या का समाधान नहीं किया जाएगा तो लोगों से विचार-विमर्श कर आंदोलन का रूपरेखा तैयार किया जाएगा. इधर, समस्या की समाधान को लेकर मंगलवार को छाताबाद सहित आसपास के दर्जनों लोगों ने धनबाद नगर निगम कतरास अंचल के टैक्स दारोगा सुनील कर्मकार से मुलाकात कर जल समस्या से अवगत कराते हुए अविलंब जलापूर्ति करवाने की मांग की. वहीं टैक्स दारोगा ने 24 घंटे के अंदर समस्या का समाधान करने का आश्वासन लोगों को दिया.

- जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो होगा आंदोलन : रामकुमार
- लोगों ने कतरास अंचल के टैक्स दारोगा से की मुलाकात
- 24 घंटे में समस्या का समाधान करने का दिया आश्वासन



### शौच गए वृद्ध की ट्रेन से कट कर मौत

**महुदा।** महुदा चंद्रपुरा रेल लाइन में 64 क्वार्टर के समीप सोमवार की रात महुदा की ओर आ रही बीएनआर एक्सप्रेस की चपेट में आने से भुरूंगिया 64 क्वार्टर निवासी जगरनाथ सिंह उम्र 70 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार की रात करीब 9:30 बजे जगरनाथ सिंह शौच के लिए रेल लाइन के किनारे गए हुए थे. उसी दौरान बीएनआर ट्रेन तेज रफ्तार गुजर रही थी. रेल लाइन पार करने के दौरान जगरनाथ सिंह को टक्कर मार दी, जिससे वह दूर जा गिरा और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी. रेलवे के गेट मेन द्वारा महुदा आरपीएफ को घटना की सूचना दी गयी. सूचना पाते ही आरपीएफ इंस्पेक्टर एके सिंह घटनास्थल पर पहुंचे एवं जांच-पड़ताल किया.

### कोयले का स्टॉक 100 मिलियन टन के पार

**धनबाद।** देश में कोयले का स्टॉक बहुत अच्छी स्थिति में पहुंच गई है. जिससे कोयले की कमी के कारण आने वाली गर्मी में बिजली संकट की कोई संभावना नहीं रहेगी. जनवरी तक कोयले का स्टॉक सौ मिलियन टन तक पहुंच गया है. कोयला स्टॉक की मौजूदा स्थिति बिजली संकट की किसी भी आशंका को खारिज करती है. कोयला मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2024 तक देश की कोयला कंपनियों के पास कोयला स्टॉक में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो 70.37 मिलियन टन तक पहुंच गया. वहीं थर्मल पावर प्लांटों के पास 36.16 मिलियन टन कोयले का स्टॉक है. 6.52% की वृद्धि के साथ, कोयला डिस्पैच 87.37 मिलियन टन तक पहुंच गया. जनवरी तक कुल कोयला डिस्पैच 798 मिलियन टन है.

## रितेश हत्याकांड में दो भाई दोषी करार

संवाददाता। धनबाद

बाघमारा थाना क्षेत्र के जमुआटांड निवासी 18 वर्षीय रितेश कुमार रवानी उर्फ दीपू का अपहरण कर हत्या करने तथा साक्ष्य छिपाने की नीयत से शव को घर के आंगन में दफन कर देने के अपराध में अदालत ने मंगलवार को दो सहोदर भाई शुभम कुमार दास एवं सत्यम कुमार दास को दोषी करार दिया है. दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है. जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने सजा की बिंदु पर सुनवाई की अगली तारीख 8 फरवरी निर्धारित करती है. अभियुक्तों के खिलाफ रितेश कुमार रवानी के पिता किशुन रवानी द्वारा बाघमारा थाना में 30 जून 2016 को प्राथमिक की दर्ज करवाते हुए आरोप लगाया था कि 26 जून 2016 की शाम 5:00 बजे उसका पुत्र किशुन कुमार रवानी डुमरा मोड़ गया था, जो वापस नहीं आया. आखरी बार उसे राजबाड़ी में कैरम बोर्ड खेलते हुए देखा गया था. उसे पता चला कि दो लड़का मोटरसाइकिल से उसके पुत्र को ले गया है और उसका मोबाइल भी बंद है. उन्होंने अपने पुत्र के मित्र शुभम के कहने पर 28 जून 2016 को बाघमारा थाना में सनहा दर्ज करवाया था. ग्रामीणों द्वारा उसे बताया गया कि उसके पुत्र रितेश कुमार रवानी को शुभम के घर पर देखा गया है परंतु शुभम तथा उसके परिवार के सदस्य तरह-तरह की कहानी बनाकर उसे बहलाते रहे. ग्रामीणों के समक्ष भी शुभम स्वीकार किया कि वह अपने भाई सत्यम कुमार दास एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर उसका अपहरण कर बसूली से मार कर हत्या कर दी तथा उसके शव को घर के आंगन में ही दफना दिया था. अनुसंधान के दौरान पुलिस शुभम के घर से उसकी निशानदेही पर हत्या के लिए प्रयुक्त बसुली, दो-तीन मोबाइल फोन बरामद किया तथा घर के आंगन में दफनाए गए शव को 30 जून 2016 को बरामद किया था. पोस्टमार्टम से यह ज्ञात हुआ कि रितेश कुमार रवानी की हत्या सर पर चोट लगने के कारण हुई है.

### खास बातें

- हत्या कर शव को आंगन में दिया था दफना
- आठ फरवरी को होगी सजा पर सुनवाई

## बाल सुधार गृह के कैदी बनेंगे अग्निवीर, पुलिस में भर्ती होंगे

संवाददाता। धनबाद



धनबाद बाल सुधार गृह में बंद कैदी और रिहा हो चुके बच्चों को अब अग्निवीर व झारखंड पुलिस में बहाल कर आरक्षी बनाने की ट्रेनिंग दी जा रही है. सरकार के आदेश पर यह ट्रेनिंग दी जा रही है. बाल सुधार गृह के नोडल पदाधिकारी सह कर्नल जेके सिंह ने कहा कि धनबाद बाल सुधार गृह में जो बच्चे बंद और बाहर निकल चुके हैं, उन्हें चिह्नित कर अग्निवीर व झारखंड पुलिस में भर्ती के लिए तैयार किया जा रहा है. ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके. किसी गलत संगत या अनजाने में अपराध कर बैठे और बाल सुधार गृह पहुंच गए हैं, तो उन्हें समाज में सम्मान मिले व जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाएं, इसके लिए उन्हें मोटिवेट भी किया जा रहा है. अधिकतर बच्चे चाहते हैं कि वे देश व समाज के लिए कुछ करें, लेकिन उन्हें अवसर की तलाश है. हम उन्हें अवसर देंगे. इस काबिल बनायेंगे कि वह अग्निवीर व झारखंड पुलिस में आरक्षी बन सकें. आठवां पास से लेकर मैट्रिक व इंटर पास युवकों को अग्निवीर व झारखंड पुलिस में भर्ती के लिए बहाली निकली है. हम चाहते हैं कि बाल सुधार गृह के बच्चे भी बाहर निकलने के बाद सेना व पुलिस की वर्दी पहनें और देश का नाम रोशन करें.

## न्यूज अपडेट

### हिस्ट्रीशीटर और वारंटियों पर कार्रवाई करें

**मैथन।** एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने मंगलवार को मैथन स्थित कार्यालय में अपराध समीक्षा बैठक किया. जिसमें अपने मातहत अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए क्षेत्र के तमाम वारंटियों एवं हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ कार्रवाई करें और लंबित मामलों का तुरंत निष्पादन करें. एसडीपीओ ने सभी इंस्पेक्टर एवं थानेदार को निर्देश किया कि क्षेत्र के आम जनता की समस्याएं को गंभीरता से लें और उनके समस्याओं का अविलंब निराकरण करें. एसडीपीओ की यह पहली अपराध गोष्ठी समीक्षा बैठक थी. जिसमें कई मामलों पर चर्चा की गई.

### भवन निर्माण मजदूरों का प्रदर्शन, रैली निकाली

**धनबाद।** फॉरवर्ड ब्लॉक से संबंधित अग्रगामी झारखंड असंगठित मजदूर यूनियन की तरफ से रेलवे स्टेशन से एक रैली निकाली गई. इसमें भवन निर्माण मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए 5 सूत्री मांगों के समर्थन में रणधीर वर्मा चौक पर विरोध प्रदर्शन किया गया. प्रदर्शन को संबोधित करते हुए टीयूसीसी के झारखंड राज्य महामंत्री मोफ़िज साहिल ने कहा कि भवन निर्माण मजदूर लाभुक का आवेदन छात्रवृति, मृत्यु सहायता आदि जैसे मामले लंबित हैं. मौके पर उत्तम कुमार, अनिल खानी, फातमा खातून, उर्मिला गुप्ता, सावित्री पासवान, रेणु स्वर्णकर, सरिता शर्मा आदि मौजूद थे.

### अरविंद सिंह बने सुरक्षा समिति के सदस्य

**तेतुलमारी।** अरविंद सिंह को बीसीसीएल के सुरक्षा समिति के सदस्य बनाए जाने पर ईस्ट बसुरिया कोलियरी के एमटी हॉल में जनता मजदूर संघ ने सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया. अपने संबोधन में अरविंद सिंह ने कहा कि जनता मजदूर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम का आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया और इस मुकाम तक पहुंचाया. मौके पर सुनील शाह, श्रवण कुमार, दिलीप बाउरी, उमा राम, विजय सिंह, वीरेंद्र मंडल, हरीश निषाद, नवीन भुईयां, चिंटू मंडल, मुख्तार अंसारी, शाहिद मियां, शंकर दास, लालमोहन, डगुरु बाउरी, गोपाल दत्ता आदि मौजूद थी.

### चयन में नियमितता को लेकर की शिकायत

**मैथन।** एग्यारकुण्ड प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को एग्यारकुण्ड दक्षिण पंचायत के ग्रामीणों ने अबुआ आवास योजना के तहत लाभुकों के चयन में पंचायत सचिव द्वारा अनियमितता बरते जाने की लिखित शिकायत बीडीओ के अनुपस्थिति में प्रधान लिपिक प्रकाश चंद्रा से किया है. ग्रामीणों ने अपने शिकायत में कहा है कि एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत क्षेत्र में पक्का मकान में रहने वाले को अबुआ आवास का लाभ मिला है. ग्रामीणों ने पंचायत सचिव पर आरोप लगाते हुए कहा है कि पैसे लेकर अनियमितता बरतते हुए सूची तैयार किया गया है. मौके पर संगीता बाउरी, इभा बाउरी, टीनू बाउरी, मंजू बाउरी, शांति बाउरी, बसंती बाउरी आदि उपस्थित थे.

### मांगों पर करें विचार नहीं तो होगा चक्का जाम

**निरसा।** ईसीएल मुगमा क्षेत्रीय कार्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन ने अपनी 18 सूत्री मांगों को लेकर महाप्रबंधक आनंद के साथ मैराथन बैठक की. बैठक में यूनियन प्रतिनिधियों ने ईसीएल मुगमा क्षेत्र में पूर्व की भांति स्थानीय ग्रामीण युवकों को अनुबंध पर सुरक्षा गार्ड के रूप में बहाल करने, क्रेशर में कार्यरत मजदूरों को हाई पावर कमेटी का वेतनमान एवं अन्य नियमानुसार सुविधाओं का अनुपालन सुनिश्चित करने की मांग की. वार्ता में महाप्रबंधक आनंद, रति मोहन शर्मा, बाबूलाल पांडे, आरआर कांत, जुनैद अंसारी, आरसी नायक, बीड़ी चौधरी आदि मौजूद थे.

### गांव चलो अभियान को दृढ़ता से पूरा करें : ग्रोवर

**सिंदरी।** नवनियुक्त भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर और अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष रविश्वर मरांडी का सम्मान समारोह सिंदरी शहरपुरा स्थित भाजपा मुख्य कार्यालय में मंगलवार को आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दिशानिर्देश पर गांव चलो अभियान में पदाधिकारी बूथ स्तर पर जाकर एक दिन प्रवास करेंगे. इसको लेकर संगठन को धारदार बनाने की जरूरत है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र अबकी बार 400 पार को देखते हुए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की जरूरत है.

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष कैद

**धनबाद।** शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग का अपहरण एवं उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी निमियाघाट निवासी प्रकाश कुमार रवानी को 20 वर्ष की कैद एवं पंद्रह हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. सोमवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था, अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए मंगलवार की तारीख निर्धारित की थी. प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर 11 सितंबर 19 को धनसार थाने में दर्ज की गई थी. अभियोजन ने इस मामले में सात गवाहों का परीक्षण कराया था.

### कोयला लदा ट्रक पलटा, चालक को लगी चोट

**झरिया।** अलकडीहा ओपी क्षेत्र के साउथ तिसरा में मंगलवार कि शाम कोयला लदा ट्रक ब्रेक फेल होने के बाद पलट गया. ट्रक चालक राकेश यादव ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई. चालक को सिर में चोट लगने से घायल हो गया है. चालक यादव भागा गाड़ीवान पट्टी का रहने वाला है. बताते हैं कि एंटी एसटी लोडिंग प्वाइंट से कोयला लोड कराकर कांटा कराने जीनागोरा जाने के क्रम में लोडिंग प्वाइंट के समीप ढलान पर ब्रेक फेल होने से दुर्घटनाग्रस्त हो गया.

### सेवानिवृत सहायक अध्यापक को दी विदाई

**गोविंदपुर।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय जमडीहा में मंगलवार को एक समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त सहायक अध्यापक बंशी दास की विदाई दी गई. अध्यक्षता करते हुए पूर्व मुखिया फतेह अली अंसारी ने कहा कि बंशी दास विज्ञान के कर्मठ एवं अनुभवी शिक्षक हैं और उन्होंने यहां लंबे समय तक सेवा दी. मौके पर विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें उपहार प्रदान किए गए. साथ ही उनके सुखमय जीवन की कामना की गई. कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष तमीम अंसारी, प्रधानाध्यापक अजय कुमार महतो, अख्तर अंसारी, उप मुखिया इस्लाम अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी, सुलेमान अंसारी, मो नुरुल्लाह, अभिजीत साधु, वीरेंद्र टुडू, बसंती, अख्तर हुसैन आदि मौजूद थे.

### भाजपा कार्यकर्ता गांव में करें प्रवास : सरोज

**गोविंदपुर।** भाजपा के प्रदेश सचिव सरोज सिंह ने कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को गांव चलो अभियान के तहत गांव में 24 घंटे का प्रवास करना है. उन्होंने मंगलवार को हरदेवराम स्मृति भवन में गोविंदपुर पूर्वी मंडल के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने कहा कि इस दौरान केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी ग्रामीणों को बताएं है.

**प्रदर्शनी**

## जिला स्तरीय कृषि मेला प्रदर्शनी सह गोष्ठी का हुआ आयोजन

# सरकार की उच्च प्राथमिकता में कृषि है : विनोद कुमार

संवाददाता। धनबाद

जिला परिषद मैदान में कृषि विभाग द्वारा आज जिला स्तरीय कृषि मेला प्रदर्शनी सह गोष्ठी का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने कहा कि जिला स्तरीय कृषि मेला प्रदर्शनी सह गोष्ठी कृषि से संबंधित जानकारी का आदान-प्रदान करने का एक बेहतरीन प्लेटफार्म है. किसानों को यहां नई तकनीक, सरकार की विभिन्न योजनाएं, कम समय में अधिक उत्पादन करना, कृषि लोन, केवाईसी, कृषि को अच्छा व्यवसाय बनाना सहित अन्य जानकारी दी जा रही है. उन्होंने कहा कि सरकार की उच्च प्राथमिकता में कृषि है. इसलिए सरकार ने हर जिले में कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित किए हैं. जहां किसान विभिन्न प्रकार की सहायता व जानकारी प्राप्त कर सकते हैं. मिट्टी की जांच करने की भी सुविधा प्रदान की गई है.

कार्यक्रम में अपर समाहर्ता विनोद कुमार, शारदा देवी, विधायक सिंदरी की धर्मपत्नी तारा देवी, शिव कुमार राम, संयुक्त कृषि निदेशक संतोष कुमार, शैलेश रंजन, अमित कुमार, मधुकर शुक्ला, डॉ आलोक सिन्हा, संजय कुमार झा, रूपेश मिश्रा, निर्मल पांडेय, कंचन, श्वेता, डॉ अभिषेक, शुभम प्रिया, सुशांत कुमार आदि मौजूद थे.




**गन्ने की चाय रहा आकर्षण का केंद्र**

कृषि विभाग द्वारा जिला परिषद मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कृषि मेला प्रदर्शनी सह गोष्ठी में बाघमारा प्रखंड के खोनाठी पंचायत के कमल महतो द्वारा लगाया गया गन्ने की चाय व गन्ने की कुल्फी का स्टाल आकर्षण का केंद्र रहा.

### नयी तकनीक सिखने के लिए इस्राइल गया था

महतो ने बताया कि वर्ष 2019 में झारखंड सरकार ने कृषि की नई तकनीक सिखने के लिए उन्हें इस्राइल भेजा था. वहां 15 दिन रह कर उन्होंने टपक सिंचाई, बिना मिट्टी के खेती करना, हाइड्रोपोनिक एग्रीकल्चर, फल, सब्जी, स्ट्रॉबेरी, पालक, धनिया, पत्तेदार सब्जी, फूलों की खेती करना इत्यादि का प्रशिक्षण प्राप्त किया. उन्होंने बताया कि फिलहाल वे मतारी में 10 एकड़ जमीन में ऑर्गेनिक तरीके से वी.एन.आर. बीही वैरायटी का अमरुद, अंजीर, टमाटर, गन्ना, मिर्ची इत्यादि की खेती करते हैं. खेत में सोलर पंप से सिंचाई करते हैं. उन्होंने कहा कि राजगंज में उनका एक स्टॉल है और वह अपने खेत में ऑर्गेनिक तरीके से उगाए गए गन्ने की चाय और कुल्फी बनाकर बेचते हैं. इसे लोग खूब पसंद करते हैं. बताया कि गन्ने की चाय पूरी तरह से हर्बल चाय है. इसमें चाय पत्ती का उपयोग नहीं किया जाता है.

### रोजगार को लेकर संघ ने किया प्रदर्शन

**झरिया।** स्थानीय एवं प्रभावित को कुजामा आउटसोर्सिंग परियोजना लोडिंग पॉइंट में रोजगार की मांग को लेकर जनता मजदूर संघ के नेतृत्व में लोगों ने लोडिंग पॉइंट के समक्ष प्रदर्शन कर बाहरी लोगों को चेताया. प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे यूनियन के केंद्रीय नेता रुद्र प्रताप सिंह, अनिल सिंह, ने बताया कि इस लोडिंग पॉइंट पर बाहरी लोगों को काम करने नहीं देंगे. यहां रंगदारों की रंगदारी नहीं चलेगी. प्रबंधन और कंपनी के लोग जब तक जो स्थानीय हैं, विस्थापित है जिनके घर उजाड़ रहा है, उनको पहले रोजगार में प्राथमिकता देना होगा, नहीं तो यहां कोयला लोडिंग नहीं होने देंगे. मौके पर राय बाबू सिंह, सुभाष, शिव, रितेश, सुरेंद्र, जॉनी, दीपक, अनुज, सुनीता, रेणु उर्मिला, रेखा, अर्जुन, सुदर्शन सिंह आदि थे.

▼ ब्रीफ खबरें

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई

**गावां।** गावां थाना क्षेत्र के भीखी गांव में शुक्रवार की देर रात घर के बाहर बरामदा में खड़ी बाइक चोरी हो गई. पीड़ित ने पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है. बासुदेव कुमार यादव ने पुलिस को सौंपी आवेदन के अनुसार वो अपनी बाइक घर के बाहर बरामदा में खड़ा कर सो गया था. शनिवार की सुबह देखा तो बाइक नहीं थी. काफी खोजबीन के बाद भी बाइक नहीं मिली. बासुदेव यादव ने बताया कि जेएच 11टी 3375 स्प्लेंडर प्लस बाइक था. बासुदेव ने बताया कि काफी खोजबीन के बाद भी अबतक बाइक का कुछ पता नहीं चल पाया है.

### आजसू प्रखंड अध्यक्ष ने सीओ का किया स्वागत

**बेंगाबाद।** बेंगाबाद अंचल के नए सीओ के रूप में पदस्थापित प्रियंका प्रियदर्शनी का स्वागत मंगलवार को आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष महेंद्र महतो के नेतृत्व में किया गया. इस अवसर पर नव पदस्थापित सीओ का स्वागत पुष्प गुच्छ दे कर किया गया. इस दौरान आजसू कार्यकर्ताओं ने सीओ प्रियंका प्रियदर्शनी से बात कर आम अवाम के खारिज दाखिल, ऑनलाइन रशीद निर्गत कराने, जाती आय आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने आदि कार्यों को सुगमता पूर्वक करने का आग्रह किया.

### काली मंदिर में 3 दिवसीय वार्षिक माघी पूजा 8 से

**बेरमो।** गोमिया मोड़ के समीप काली मंदिर में तीन दिवसीय श्री श्री वार्षिक माघी काली पूजा का आयोजन 8 से 10 फरवरी तक किया जाएगा. 8 फरवरी को मंदिर प्रागण से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो गोमिया के विभिन्न मार्गो से होते हुए स्थानीय जलाशय में कलश में जल भरकर पुनः मंदिर में स्थापित किया जाएगा. तत्पश्चात पूजा अर्चना शुरू की जाएगी. इस दौरान कलश पूजन, गंगा पूजन एवं रात्रि में महानिशा पूजन किया जाएगा. 9 फरवरी को प्रातः पूजन पाठ, मध्यान्न आरती, पुष्पांजलि, संध्या महाआरती एवं शाम में सुनील शास्त्री का कार्यक्रम होगा.

### कार पेड़ से टकराई, घायल हुए आईइएल के कर्मचारी

**बेरमो।** आईईएल कंपनी में कार्यरत कर्मचारी रंजीत तिवारी का इंडिका कार एक पेड़ से टकरा गई जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया. तत्काल आर्डियर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया. इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी प्रशांत कुमार ने बताया कि सोमवार की रात रणजीत तिवारी हजारीबाग के दारू से लौट रहे थे. अचानक आईईएल थाना क्षेत्र के टीचर फ्लैट के निकट कार एक पेड़ से टकरा गई, जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए.

### सीएचसी में 42 महिलाएं व 2 पुरुषों का ऑपरेशन हुआ

**गावां।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां में मंगलवार को 42 महिलाएं व 2 पुरुषों का बंध्याकरण किया गया. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. चंद्रमोहन कुमार ने बताया कि 42 महिलाएं व 2 पुरुषों का ऑपरेशन किया गया है. उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन के तहत सहिया एवं एएनएम को अपने पोषक क्षेत्र में बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी के लिए लोगों को जागरूक करने को कहा गया है. उन्होंने कहा कि महिला बंध्याकरण के लाभार्थियों को दो हजार रुपये व पुरुष नसबंदी तीन हजार रुपये लाभार्थियों को दिया जाएगा.

---

डीपीएस में 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई, यश बने मास्टर डीपीएस

## विद्यार्थियों के कंधे पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी: डॉ. गंगवार

संवाददाता। बोकारो

विद्यार्थियों के कंधे पर समाज की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है. वे राष्ट्र का भविष्य हैं. 12वीं के बाद उनकी एक नई जीवन-यात्रा शुरू होती है. अपनी क्षमता व शक्ति का उपयोग दूसरों के जीवन में प्रसन्नता लाने के लिए करें. अपना सदाचार और नैतिक मूल्य सदैव बनाए रखें. तभी वे एक सफल और अच्छा इंसान बन सकेंगे. उक्त बातें डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने मंगलवार को विद्यालय में आयोजित 12वीं के विद्यार्थियों के विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहीं. उन्होंने आगामी बोर्ड परीक्षाओं व भावी जीवन के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए उन्हें खुद पर भरोसा रखने तथा समाज एवं राष्ट्र के उत्थान का सहभागी बनने की प्रेरणा दी. विद्यालय में बहुरंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सत्र 2023-24 के 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई. इस दौरान बच्चों में विद्यालय से निकलकर जीवन के नए पायदान की ओर आगे बढ़ने की जहां खुशियां थीं, वहीं विद्यालय परिवार से बिछड़ने का गम भी दिखा.

**सीनियरों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ**



**स्मृति-फलक देकर सम्मानित किया गया**

विदा हो रहे विद्यार्थियों को स्मृति-फलक देकर सम्मानित किया गया. समारोह में 11वीं के विद्यार्थी तथा सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तरकर्मी उपस्थित थे. मंच संचालन अभिषेक आनंद, गौरव प्रियदर्शी, अतुल्या तृषि एवं अनामिका राउत ने किया. टैलेंट शो के निर्णायकों में मीनाक्षी भट्टाचार्य, अमित दासगुप्ता व स्वाति सिन्हा शामिल रहीं. कार्यक्रम के दौरान बनाया गया सेल्फी प्वाइंट सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा, जहां छात्र-छात्रों ने अपनी यादें कैमरे में संजोयीं.

विद्यालय के अश्वघोष कला क्षेत्र में आयोजित समारोह के दौरान 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियरों के सम्मान में मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. इस दौरान छात्र-छात्राओं ने आर्केस्ट्रा प्रेजेंटेशन में विभिन्न वाद्य-यंत्रों पर सुर-ताल का सुंदर सामंजस्य प्रस्तुत किया. इस अवसर पर पूरे सत्र के दौरान विद्यार्थियों के समेकित प्रदर्शन के आधार पर यश गौरव को मास्टर डीपीएस और अनमोली सिंह को मिस डीपीएस के खिताब ने नवाजा गया.

---

## 24 घंटे में प. बंगाल के तालीपुर से ट्रैक्टर बरामद, एक गिरफ्तार

संवाददाता। साहिबगंज

बरहेट थाना क्षेत्र के बरहरवा बरहेट मुख्य सड़क अंतर्गत हिमालयन एकेडमी के समीप से रखा ट्रैक्टर सहित ट्रॉली 4 फरवरी को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली. वही ट्रैक्टर मालिक तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के खुटहरी निवासी विष्णु साह का है. तत्पश्चात अज्ञात चोरों के विरुद्ध विष्णु साह प्राथमिक की दर्ज कराई, जो बरहेट थाना में 05 जनवरी को थाना कांड संख्या 09/24 के तहत मामला दर्ज किया गया. वहीं इसके बाद ही बरहेट थाना पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को लेकर खोजबीन करना शुरू कर दी. दूसरी ओर इस मामले को लेकर बरहरवा एसडीपीओ मंगल सिंह जमुदा के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गई. छापेमारी टीम में थाना प्रभारी गौरव कुमार, एस आई सत्येंद्र मांझी, एस आई पवन कुमार , एएसआई राजकुमार यादव, महेश चौधरी, हरेंद्र नाथ महतो, का एक टीम गठित कर पश्चिम बंगाल के फरक्का थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया. छापेमारी अभियान में पुलिस को सूचना मिली कि विगत रात्रि को गांव में इंजन एवं ट्रैक्टर अलग-अलग जगह में रखा हुआ है. वहीं पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी. इस दौरान टीम ने फरक्का थाना क्षेत्र अंतर्गत तालीपुर गांव से ट्रैक्टर इंजन सहित ट्रॉली बरामद किया.



---

पहले दिन मैट्रिक में 1757 व इंटर में 2008 परीक्षार्थी हुए शामिल

## मैट्रिक और इंटर की परीक्षा का डीसी व डीडीसी ने लिया जायजा

संवाददाता। बोकारो

झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) द्वारा मंगलवार से शुरू हुई मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा पहले दिन कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई. डीसी कुलदीप चौधरी, डीडीसी कीर्तीश्री जी. ने चास स्थित बीएमपी 4, राजकीयकृत मध्य विद्यालय परीक्षा केंद्र का जायजा लिया. मौके पर चास अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता भी उपस्थित थे. डीसी एवं डीडीसी ने विभिन्न कमरों में संचालित परीक्षा का निरीक्षण किया. उन्होंने केंद्राधीक्षक, वीक्षकों से उपस्थित छात्र, छात्राओं की संख्या की जानकारी ली. उन्होंने केंद्राधीक्षक को कदाचारमुक्त माहौल में परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया. डीसी कुलदीप चौधरी ने विद्यालय भवन में बने सीसीटीवी कंट्रोल रूम से विभिन्न कमरों में संचालित परीक्षा को भी देखा. वहीं, उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा एवं जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का नियमित औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया. जानकारी हो कि, मैट्रिक व इंटर परीक्षा के पहले दिन आइआइटी, वोकेशनल विषयों की परीक्षा थी. मैट्रिक में कुल 1761 परीक्षार्थियों को शामिल होना था. जिसमें 1757 परीक्षार्थी शामिल हुए. वहीं, इंटर परीक्षा में कुल 2014 परीक्षार्थियों को शामिल होना था. जिसमें 2008 परीक्षार्थी शामिल हुए. दोनों परीक्षा में क्रमशः 04 एवं 06 कुल 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें.




### डीसी व पुलिस अधीक्षक ने कदाचार मुक्त परीक्षा कराने के दिए निर्देश




**साहिबगंज।** मंगलवार को पूरे राज्य समेत जिले में मैट्रिक तथा इंटरमीडिएट कि परीक्षा शुरू हो गई. बता दें कि मंगलवार से शुरू होकर मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा 26 फरवरी तक जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर संचालित की जाएगी. वहीं, प्रथम पाली में मैट्रिक एवं द्वितीय पाली में इंटर की परीक्षा ली जा रही है. मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा के लिए जिला प्रशासन ने कई तैयारियां की है. इसी को लेकर मंगलवार उपायुक्त राम निवास यादव एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया. उपायुक्त यादव एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संध्या इंटर कॉलेज, रेलवे स्कूल तथा साहिबगंज महाविद्यालय का निरीक्षण करते हुए वहां विधि व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं कि जानकारी ली. वहीं, निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के अलावा दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर सभी परीक्षा केंद्रों पर निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए दिए गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

---

गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो का प्रयास लाया रंग

## 14 करोड़ की लागत से नौ पथ निर्माण कार्य की मिली स्वीकृति

संवाददाता। बोकारो

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल बोकारो की ओर से कसमार प्रखंड में 9 पथ निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गयी है. इसकी जानकारी देते हुए गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने बताया कि कसमार प्रखंड में कई ऐसी सड़कें थीं, जो जर्जर हो गयी थी. ग्रामीणों ने जब इसकी शिकायत की तो इन योजनाओं की स्वीकृति के लिए विभाग एवं सरकार को पत्राचार किया. इसके बाद ग्रामीण कार्य विभाग ने कसमार प्रखंड के जिन 9 पथ निर्माण कार्य की स्वीकृति दी है, उनमें से मरहुलसुदी पंचायत के चौड़ा ग्राम आरईओ रोड देशवाल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, जुमरा से रोरीया भाया पाड़ी तक पथ का



सुदृढ़ीकरण कार्य, सिंहपुर से लोदकियारी भाया छोटी डुमरकुदर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, आरईओ रोड से रामेश्वर महतो के घर भाया चेड़रिया टुंगरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, आरईओ रोड मंजुरा से मखतब टोला, अंसारी टोला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, राजागोड़ा आरईओ रोड से खिजरा भाया पुरनाडीह काशीटाँड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, आरईओ रोड से सोनहर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, शालीग्राम महतो के घर से लोधाकियारी जुगल महतो के घर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, मुरहुल नीचे टोला से पाड़ी नीचे टोला भाया सहदेव महतो के घर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य शामिल है. उक्त सभी पथ निर्माण कार्य 22 किमी की होगी, जो 14 करोड़ की लागत से बनेगी. इन पथ निर्माण कार्य की स्वीकृति से ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के आवागमन में काफी सहूलियत होगी, क्योंकि ग्रामीण एवं वाहन चालक जर्जर हालत में इन सड़कों पर लगातार छोटी बड़ी दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते थे.

### झारखंड युवा एकता संगठन के प्रदेश प्रवक्ता बने संजय यादव

**गावां।** गावां प्रखंड के नीमाडीह पंचायत निवासी संजय यादव को झारखंड युवा एकता संगठन के प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है. जिसको लेकर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, नरेश वर्मा, रंधीर मंडल, विनोद यादव, पप्पू यादव समेत कई लोगों ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी है. बता दें कि इसको दिल्ली के नया बाजार में एक कार्यक्रम का आयोजन कर संजय यादव को सम्मानित किया गया. मौके पर नवनिर्वाचित प्रदेश प्रवक्ता संजय यादव ने कहा कि प्रवासी मजदूर के हर सुख-दुख में वे हमेशा साथ खड़े रहेंगे. उनकी हर समस्याओं का समाधान के लिए पहल करेंगे.

## ट्रैफिक उल्लंघन करने वाले लोगों को माला पहनाकर किया स्वागत

संवाददाता। साहिबगंज

मंगलबार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप के नेतृत्व में जिले के सभी थाना क्षेत्र में ट्रैफिक उल्लंघन अथवा बिना हेलमेट, सीटबेल्ट चालकों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया. इसका उद्देश्य यातायात नियमों से अवगत कराते हुए इसका पालन करने के लिए लोगों को प्रेरित करना है. उन्हें बताया गया कि हेलमेट सीट बेल्ट जैसे आवश्यक सेफ्टी उपकरणों का अवश्य प्रयोग करें. साथ ही पंपलेट वितरण कर बताया गया कि



सड़क सुरक्षा का ध्यान रखें. इस दौरान सभी छोटे-बड़े वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया ताकि रात्रि के यातायात एवं कोहरे में वाहन की स्थिति का पता चल सके. मौके पर सभी थाना प्रभारी, पुलिस बल एवं सड़क सुरक्षा सदस्य जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, अनुज प्रसार एवं आईटी सहायक राजहंस एवं अन्य उपस्थित थे.

---

## कुष्ठ जागरूकता अभियान को लेकर निकाली प्रभातफेरी

संवाददाता। गावां

गावां प्रखंड अंतर्गत उमवि सलैयाटांड में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों ने स्कूली बच्चों के साथ मिलकर मंगलवार को प्रभात फेरी निकाला गया. मौके पर कुष्ठ रोग बीमारी संबंधित लक्षण और इसके रोकथाम को लेकर नजदीकी अस्पताल में इलाज कराने का सलाह दिया गया. प्रभात फेरी उमवि सलैयाटांड से निकलकर सैकड़ों घरों से गुजर कर लोगों को मोटिवेट करने का कार्य किया गया. मालूम हो कि प्रखंड में 30 जनवरी से 13 फरवरी तक कुष्ठ नियंत्रण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है. इसको लेकर हर स्तर पर लोगो को जागरूक किया जा रहा है. मौके पर प्राधानाचार्य मोहन यादव, एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार डॉ अमित कुमार एवं विद्यालय सैकड़ो छात्र छात्राएं व शिक्षक भी मौजूद रहे. ज्यादा जानकारी के लिए 104 टोल फ्री नंबर पर भी विभाग के द्वारा उपलब्ध है जिससे लोग बात कर अपनी बात रख सकते हैं.

### पूर्व मंत्री के प्रयास से पीड़िता को स्वीकृत हुआ पेंशन

**संवाददाता। बेरमो :** गोमिया प्रखड अंतर्गत चुटे पंचायत के दंडरा गांव में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के आरोप में 26 दिसंबर की रात को सुखराम मांझी की हत्या कर दी गयी थी. घटना के बाद पीड़ित परिवार की कोई सुध नहीं लिया. गोमिया के पूर्व विधायक माधव लाल सिंह पीड़ित परिवार से मिले और सरकार से मिलने वाले हर सुविधा दिलाने का आश्वासन दिया. फिलहाल सुखराम की पत्नी को पेंशन योजना का लाभ की स्वीकृति दिलाई. पूर्व मंत्री सिंह दो दिन पूर्व दंडरा गांव गये और परिवार के सदस्यों से मिले. मृतक के आश्रित ने बताया कि घटना के बाद कोई भी प्रशासनिक अधिकारी या कर्मचारी उनके घर नहीं आया है. भय के माहौल में जीवन व्यतीत कर रहे हैं. सिंह ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार से सभी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. बता दें कि घटना के बाद परिवार के सदस्य काफी डरे सहमे थे. सिंह के द्वारा इस संबंध में गोमिया के बीडीओ से बात की. बात करने के बाद सुखराम मांझी के पत्नी को तुरंत विधवा पेंशन स्वीकृति प्रदान की गई. सिंह ने मृतक के परिवार को गरम कपड़ा सहित आर्थिक सहायता की.

### अवैध लॉटरी के खिलाफ अभियान जारी, 2 गिरफ्तार

**साहिबगंज।** पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देशानुसार साहिबगंज में अवैध लॉटरी कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है. इस बीच सोमवार की देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लॉटरी विक्रेताओं को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. जिरवाबाड़ी थाना में मंगलवार को थाना प्रभारी प्रणीत पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि गुप्त सूचना पर साक्षरता चौक स्थित संयुक्त कृषि भवन के समीप नीम गाछ के पास छापा मारी की गई. जिसमें प्रेम नगर निवासी दीपक कुमार उम्र 22 व बड़ा लोहंडा निवासी सुनील रजक को पकड़ा गया. उनके पास से लगभग 67 अवैध लॉटरी का टिकट व 4890 रुपया नक़द व एक स्कूटी बरामद हुआ. वहीं दोनों के पास से एक-एक मोबाइल बरामद हुआ है.

## खास बिजनेसमैन को ध्यान में रखकर बनती है बजट : प्रदीप

संवाददाता। गोड्डा

भारतीय जनता पार्टी आप पहले वाली बीजेपी नहीं रही. अब यह गुजरात की एक पार्टी बनकर रह गई है. जिस प्रकार इस्ट इंडिया कंपनी के नाम पर आए अंग्रेजी ने पूरे देश को गुलाम बनाकर अपना राज किया ठीक उसी प्रकार गुजरात की एक कंपनी को आगे कर बीजेपी अपना राजपाट स्थापित कर रही है. एक खास बिजनेसमैन के हित में नीति निर्धारण होता बजट तैयार होता है. वह दिन दूर नहीं जब बजट का निर्धारण भी वही कारपोरेट घराने वाले करेंगे. इसके लिए सावधान होने की जरूरत है, नहीं तो यह देश तानाशाह के गिरफ्त में चला जाएगा. विधायक प्रदीप यादव मंगलवार को विधान सभा में राज्यपाल के अभिभाषण के बाद



सरकार के समर्थन में अपनी बातो को रखते हुए कही. यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने लोकतंत्र में अंग्रेजी के थ्री डी डेमोक्रेसी डाइवर्सिटी और डेवलपमेंट तीनों का परिभाषा को बदल दिया है. लोकतंत्र को इन्होंने अपने पॉकेट में रखकर अपनी मर्जी से चलाया. इसका ताजा उदाहरण चंडीगढ़ में मेयर चुनाव में देखने को मिला. इस पर सुप्रीम कोर्ट ने क्या तर्ज कसा है यह भी सबको मालूम होना चाहिए. इस प्रकार डाइवर्सिटी की बात भी खत्म हो गई विविधता वाली बातें खत्म हो गई.

### साड़म इस्लाम टोला में लगाया गया ट्रांसफॉर्मर

**बेरमो।** गोमिया प्रखंड के साड़म इस्लाम टोला में बीती रात 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर का स्विच ऑन कर उद्घाटन किया गया और पुनः बिजली बहाल की गई. बता दें कि पिछले 1 सप्ताह से ट्रांसफार्मर के जल जाने के कारण इस्लाम टोला, हरिजन टोला, हाजी मोहल्ला परसा टांड़ मोहल्ले में बिजली आपूर्ति ठप थी. ग्रामीणों ने पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद से संपर्क साधा और ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया. प्रसाद ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 200 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया, जिसका विधिवत उद्घाटन स्थानीय ग्रामीण मौकीन अंसारी, जयप्रकाश रविदास, हकीम अंसारी, सुशील रविदास, पंचायत समिति सदस्य खुर्शीद एवं फारुख और नसरुल ने सामूहिक रूप से किया.

---

**उग्र प्रदर्शन** ग्रामीणों ने बेंगाबाद पुलिस से आरोपी युवक को गिरफ्तार करने की मांग की

## छात्रा की आत्महत्या मामले में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं

- नाराज ग्रामीणों ने हरिला में प्रदर्शन किया

संवाददाता। बेंगाबाद

बारहवीं की छात्रा के आत्महत्या मामले में फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी अब तक नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार को हरिला में प्रदर्शन किया. ग्रामीणों ने इस मामले में बेंगाबाद थाना कांड संख्या 21/24 के अभियुक्त अविनाश वर्मा को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की है. फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं होने पर ग्रामीणों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है. ग्रामीणों द्वारा प्रदर्शन के बाद इस आशय का आवेदन बेंगाबाद थाना प्रभारी के नाम दिया गया है. ग्रामीणों का कहना है कि घटना के 10 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी अब तक नहीं हुई है. जिससे आरोपी और उसके परिवार वालों का मनोबल बढ़ा हुआ है. छात्रा के पिता अशोक साव समेत अन्य ग्रामीणों ने बेंगाबाद पुलिस से आरोपी युवक को गिरफ्तार करने की मांग की है.

**क्या है मामला**



बता दें बीते 25 जनवरी को हरिला की रहने वाली बारहवीं की छात्रा मधु कुमारी ने आत्महत्या कर लिया था. छात्रा की आत्महत्या के बाद उसकी मां चंपा देवी ने हरिला निवासी युवक अविनाश वर्मा के विरुद्ध बेंगाबाद थाना में आवेदन दिया था. छात्रा की मां ने आवेदन में युवक पर उनकी बेटी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था. बताया गया कि छात्रा हजारीबाग में रहकर पढ़ाई करती थी. आरोपी युवक भी हजारीबाग में रहता था और छात्रा को फोन कर परेशान करता था. युवक द्वारा छात्रा को मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था. छात्रा द्वारा परिजनों को इस बात की जानकारी देने के बाद परिजनों ने छात्रा को वापस गांव बुला लिया. जिसके बाद आरोपी भी गांव लौट कर आ गया. छात्रा की मां ने आरोप लगाया है कि घटना की पूर्व संध्या छात्रा शौच के लिए बाहर गई थी. इसी दौरान अकेले में आरोपी ने छात्रा के साथ जोर जबरदस्ती करने का प्रयास किया. जिसके बाद छात्रा घर आई और आरोपी के प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी. जिसके बाद छात्रा की मां ने आरोपी के विरुद्ध थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी. मगर पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं किए जाने छात्रा के परिजनों एवं अन्य ग्रामीणों में आक्रोश पनप गया है.

## अधिवक्ताओं के कल्याणार्थ प्रयास किया जाएगा: अध्यक्ष

संवाददाता। गोड्डा

जिला अधिवक्ता संघ भवन में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में सभी नवनिर्वाचित सदस्यों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया. इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष महासचिव समेत अन्य पदाधिकारियों ने अपने-अपने पद के प्रति पूरे ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए अधिवक्ताओं के कल्याण में काम करने की बात कही. अध्यक्ष सुशील कुमार झा एवं महासचिव योगेश चंद्र झा ने कहा कि संघ के विधि विधान के तहत हमलोग कार्य करने के लिए कटिबद्ध है. अपने कार्यकाल के दौरान यह प्रयास होगा कि कल्याण के मद में अधिक से अधिक फंड जुटाया जाए ताकि अधिवक्ताओं को इसका लाभ मिल सके. संघ में कई कार्य किए जाने है. जिसपर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. कुछ कार्य ऐसे हैं जिस पर सभी का सम्मिलित प्रयास जरूरी है. वैसे तो पार्किंग की एक बड़ी समस्या सामने आ रही है. इसके लिए प्रयास किया गया था. पदाधिकारियों ने कहा कि बाथरूम को दुरुस्त कराने की बात है साथ ही पेयजल की भी जरूरत है. महासचिव श्री झा ने बताया कि संघ के सभी अधिवक्ता हमारे लिए एक समान है.



### हिंदू स्कूल गेट के सामने वाहन लगाने की खबर पर परिवहन विभाग व ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने लिया संज्ञान

# नगर निगम के किरायेदार गैराज संचालकों को दी गई हिदायत

शुभम संदेश इंपैक्ट

संवाददाता। हजारीबाग

हिंदू हाई स्कूल के पास नगर निगम के किराए के दुकानों में आने वाले ग्राहकों के दोपहिया वाहन को स्कूल गेट के सामने लगवाने के मामले पर परिवहन एवं ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने संज्ञान लिया है. उन्होंने सभी नगर निगम के किराए के दुकानों में चल रह रहे गैराज के संचालकों को कड़ी हिदायत दी है. बता दें कि बीते दिनों शुभम संदेश ने इससे संबंधित खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी.

उक्त खबर में स्कूल गेट के बाहर बाइक, स्कूटी आदि लगाने के कारण बच्चों को स्कूल में प्रवेश करने के दौरान और छुट्टी के समय बाहर निकलने में होने वाली परेशानी के बारे में बताया गया था. वहीं, सड़क सुरक्षा माह के 23वें दिन मंगलवार को जिले के कई स्थानों पर जिला परिवहन कार्यालय, मोटर यान निरीक्षक तथा यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से 'रोज ऐट रोड' कैंपेन चलाया. इस कड़ी में शहर के विभिन्न स्थानों पर यातायात नियमों के पालनकर्ता वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया. साथ ही उनके वाहनों पर सड़क सुरक्षा वॉरियर का स्टीकर भी लगाया गया.

वहीं, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की काउंसलिंग की गई. यह कैंपेन डिस्ट्रिक्ट मोड़, मटवारी, पुराना बस स्टैंड सहित कई स्थानों पर चलाया गया. इसके अलावे पुराना बस स्टैंड के सामने विशेष वाहन जांच अभियान के तहत दोपहिया वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की. इसके बाद हिंदू हाई स्कूल गली स्थित विभिन्न गैराज में छापेमारी करते हुए मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने वाले मैकेनिक को शख्त हिदायत दी गई.

इस अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी बैद्यनाथ कामती, मोटर यान निरीक्षक गोपीनाथ डे, मोबाइल दारोगा महेंद्र पासवान, यातायात प्रभारी केके साहा, रोड सेफ्टी मैनेजर संतोष कुमार, आईटी सहायक अरविंद कुमार, परिवहन कार्यालय की लिपिक छवि कुमारी आदि शामिल रहीं. ज्ञात हो कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत अलग-अलग दिन सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं.


ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते ट्रैफिक एवं परिवहन विभाग के पदाधिकारी.

**खबर असर**
- हिंदू हाई स्कूल वाली गली में चला सड़क सुरक्षा अभियान
- गैराज संचालकों व मैकेनिकों को दी गई सख्त हिदायत

### सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष ने दिया योगदान

# अनुभवों को धरातल पर उतारने का करेंगे प्रयास : एसडीपीओ

संवाददाता। हजारीबाग

आईपीएस शिवाशीष कुमार ने मंगलवार को नये सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद पर योगदान दे दिया. सदर थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर ललित कुमार, महिला थाना प्रभारी वर्षा रानी, मुफस्सिल थाना प्रभारी बजरंगी महतो, ट्रैफिक इंस्पेक्टर एवं लोहसिंगना थाना प्रभारी विपिन यादव सहित शहर के कई थाना प्रभारी उनसे मुलाकात करने पहुंचे.

नवपदस्थापित सदर एसडीपीओ ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी. उन्होंने बढ़ती नशाखोरी और साइबर अपराध को बड़ी समस्या बताया. कहा कि इससे निदान के लिए युवाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाएगा. उन्होंने कहा कि हजारीबाग और इचाक में प्रशिक्षण लेने के कारण उन्हें इस क्षेत्र में अपराध की प्रकृति की जानकारी है. राज्य सरकार के निर्देश और अब तक प्रशिक्षण के दौरान मिले अनुभवों को धरातल पर उतारने का प्रयास करेंगे.



## ब्रीफ खबरें

### बारियातू पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र खुला

**केरेडारी।** इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज ने प्रखंड क्षेत्र के बारियातू पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का फीता काट कर उद्घाटन किया. इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष बुधन साव ने अंकित राज का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया. मौके पर मुख्य रूप से मुखिया नीतू कुमारी, पंचायत समिति सदस्य जागेश्वर कुमार साव, पैक्स अध्यक्ष बुधन साव,कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष बालेश्वर साव, मुखिया प्रतिनिधि विकास कुमार, वरिष्ठ कांग्रेसी सलामत अंसारी, शंकर साव सहित कई लोग मौजूद थे.

### अवैध कोयला लदे दो ट्रैक्टर किए गए जब्त

**बड़कागांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रात्रि में दो अवैध कोयला लदे ट्रैक्टरों को ग्राम रावतपुरा अंबा झरना से पकड़ा गया है. हालांकि अंधेरे का लाभ लेकर चालक ट्रैक्टर छोड़ कर फरार होने में सफल रहा. दोनों अवैध कोयले लदे ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना में रखा गया है. इस संबंध में बड़कागांव थाना में कोल माइंस एक्ट तथा वन अधिनियम के तहत ट्रैक्टर मालिक, चालक एवं अवैध तरीके से संचालित कोयला खदान के मालिक के खिलाफ प्राथमकी दर्ज की गई है.

### विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी

**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार ने सरकारी विद्यालयों में बच्चों और शिक्षकों को पॉक्सो एक्ट की जानकारी देने का निर्देश दिया है. इस आलोक में मंगलवार को डीएवी अग्रसेन स्कूल भरेचनगर, डीएवी आरा में विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह, जेजे एक्ट, बाल संरक्षण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई. मौके पर विद्यार्थियों ने काफी ध्यानपूर्वक नियमों और अपने अधिकारों के बारे में जाना. वही उनके द्वारा कई सवाल भी पूछे गए. इसके बाद विद्यालयों में शिक्षकों के लिए अलग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए.

### डीएवी में मनी महात्मा नारायण की पुण्यतिथि

**रामगढ़ ।** डीएवी रजरप्पा में मंगलवार को महर्षि दयानंद के अनुयायी कर्मयोगी महात्मा नारायण दास ग्रोवर की 16वीं पुण्यतिथि मनाई गई. मौके पर प्राचार्य बीपी राय और सभी शिक्षकों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए. विद्यालय के शिक्षक रामेश्वर शर्मा और रजनीश पाठक के मार्गदर्शन में हवन किया गया. प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में नौवीं कक्षा की छात्रा रक्षा वर्मा तथा नीलांजना सिंह ने अंग्रेजी तथा हिंदी में भाषण प्रस्तुत कर उनके जीवन तथा आदर्श पर प्रकाश डाला.

### सिस्टम कुंद : तड़पती रही प्रसूता, सड़क के अभाव में नहीं पहुंच सकी एंबुलेंस

# थोड़ी लज्जा भी नहीं आती

**सूरते हाल**
- चार किमी खटोले पर लाद कर प्रसूता को ले गए अस्पताल
- आजादी के 76 साल बाद भी पुरन पनिया गांव में सड़क नहीं

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

जिले के इचाक प्रखंड की डाड़ीघाघर पंचायत स्थित पुरन पनिया गांव में आजादी के 76 साल बाद भी विकास कोसों दूर है. इस गांव में आज भी पगडंडी के अलावा कोई पक्की सड़क नहीं है. ऐसे में गांव में वाहन के आवागमन की कोई सुविधा नहीं है. यहां कोई व्यक्ति अगर गंभीर रूप से बीमार पड़ जाए, या फिर कोई प्रसूता हो, तो उसे अस्पताल जाने के लिए टांग कर ले जाना ही एकमात्र उपाय है.

चार वर्ष पूर्व गांव में प्रशासनिक अमला के द्वारा जनता दरबार लगाया था, तब से थोड़ी बहुत विकास गतिविधियां शुरू हुई. लेकिन, गांव तक सड़क नहीं पहुंच सकी. इधर, गांव के मुकेश हांसदा की गर्भवती पत्नी रेणु देवी को बीते सोमवार शाम 7 बजे से ही प्रसव पीड़ा शुरू हो गई. गांव में बिजली गुल थी और चारों तरफ अंधेरा छाया हुआ था. ग्रामीणों ने बताया कि 7 बजे शाम से 12 बजे तक एंबुलेंस से संपर्क करते रहे, लेकिन सरकारी एंबुलेंस नहीं आई. वहीं, प्राइवेट एंबुलेंस को फोन करने पर कहा गया कि गांव से चार किलोमीटर दूर सड़क पर खड़े हैं. आप लोग किसी तरह मरीज को लेकर सड़क पर आ जाइए. दूसरी ओर प्रसूता दर्द से काफी तड़प रही थी और उसकी हालत बिगड़ती जा रही थी.

कोई उपाय नहीं सूझता देख ग्रामीणों ने इचाक में रहने वाले एक समाजसेवी को सूचना दी. इसके बाद वह आधी रात को ही गांव पहुंचे. फिर खटोला में एक साड़ी का परदा लगाया गया और लकड़ी का सहारा बनाकर लगभग 4 किलोमीटर जंगल, पहाड़ी, पगडंडी होते हुए गर्भवती महिला को इचाक के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया. वहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. राहत की बात है कि महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया और उसने एक नवजात को जन्म भी दिया है. लेकिन, आधुनिकता के इस दौर में पुरन पनिया गांव के वर्तमान हालात ने सरकार और सरकारी तंत्र के विकास के बड़े-बड़े दावों की पोल खोल कर रख दी है.


खटोला में लाद कर टॉर्च की रोशनी में प्रसूता को ले जाते परिजन व ग्रामीण.

#### क्या कहते हैं ग्रामीण

सड़क और एंबुलेंस के अभाव में प्रसूता सोमवार शाम 7 बजे से ही दर्द से कराह रही थी. अंततः, तड़के 4 बजे टार्च-बत्ती के सहारे परिजनों ने चारपाई का विकल्प बना कर 3 किलोमीटर सीधी पहाड़ी से चढ़ते हुए प्रसूता को मुख्य सड़क पर लाया गया. इसमें परिजनों के साथ ग्रामीण बाबूराम हांसदा, श्यामलाल मांझी, केशोलाल हांसदा, जागेश्वर सोरेन, रोहित किस्कू, शंकर हंसदा, पताई देवी, सुरजी देवी, नुनी देवी ने सहयोग किया. इसके बाद भी जब एंबुलेंस नहीं पहुंची, तो निजी वाहन से इचाक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. लेकिन डॉक्टर ने महिला को रेफर कर दिया. इसके बाद सदर अस्पताल में भर्ती होते ही महिला ने बच्चों को जन्म दिया है. ग्रामीणों ने यह भी कहा है कि सड़क को लेकर समाजसेवी सह भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री रमेश कुमार हेम्ब्रम ने कई बार जिला प्रशासन एवं वन विभाग को लिखित रूप से अवगत कराया है. इसके बावजूद आज तक सड़क नहीं बन सकी है.

#### सड़क के लिए एनओसी नहीं दे रहा वन विभाग

ग्रामीणों का कहना है सड़क को लेकर उपायुक्त के पास लगातार आवेदन देने पर लगभग 2 किमी सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है. लेकिन वन विभाग ने उदासीन रवैया अपनाते हुए अब तक एनओसी नहीं दी है. इससे सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही है. दूसरी ओर वन विभाग की मिलीभगत से वन भूमि पर अरबों-खरबों के पत्थर गायब हो गए हैं.

#### करंट से झुलसे व्यक्ति की हो गई थी मौत

इचाक के पुरन पुनिया गांव में यह कोई कोई नया मामला नहीं है. करीब दो साल पहले भी एक घटना घटी थी, जिसमें गांव के ही बालेश्वर हांदसा बिजली के 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए थे. गांव में वाहन के अवागमन की कोई सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें भी खटोले पर ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल लाया गया था. लेकिन काफी देर होने के कारण उनकी मौत हो चुकी थी.

# सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

संवाददाता। रामगढ़

रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत भुचुंगडीह में हज यात्रा के लिए जा रहे परिजनों को छोड़ने आई महिला की तेज रफ्तार अर्टिगा कार की जोरदार टक्कर से मौत हो गई. टक्कर के बाद महिला सामने डिवाइडर में जा ठकरायी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. मृतका की पहचान दुलमी प्रखंड के सिकनी निवासी साहूद अंसारी की पत्नी जरीना खातून (45) के रूप में हुई है.

जानकारी के अनुसार, उक्त महिला अपने परिजनों को हज यात्रा पर छोड़ने के लिए अपने पति के साथ बाइक से भुचुंगडीह पहुंची थी. इसी दौरान वह सड़क किनारे खड़ी अपने पति के साथ खड़ी थी. इसी दौरान तेज रफ्तार कार (जेएच 01 इवी 4858) ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. घटना की सूचना पर रजरप्पा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया. पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया. महिला का शव घर पहुंचने के बाद माहौल गमगीन हो गया था.

इस संबंध में रजरप्पा थाना प्रभारी सुरेश लिंडा ने बताया कि महिला अपने पति के साथ भुचुंगडीह में अपने परिवारिक सदस्यों से मिलने पहुंची थी. इस बीच तेज रफ्तार कार की टक्कर से महिला की मौत हो गई.



**दुखद घटना**
- हज यात्रा पर जा रहे परिजनों से मिलने पहुंची थी महिला
- तेज रफ्तार कार की जोरदार टक्कर से मौके पर ही मौत

### केंद्र के इशारे पर काम कर रही है ईडी : बेदिया

**केरेडारी।** झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र का दौरा कर कार्यकर्ताओं का हाल-चाल जाना. उन्होंने प्रसिद्ध अष्टभुजी कंडाबेर माता स्थान में पूजा-अर्चना की. बेदिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के इशारों पर ईडी कार्य कर रही है. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में कह दिया है कि यदि केंद्र सरकार या ईडी उन्हें गलत साबित कर देती है, तो राजनीतिक से संन्यास ही नहीं बल्कि झारखंड छोड़ देंगे. मौके पर बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष, झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिन्हा, कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र बांदो, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय भुईयां, अडरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विजय भुईयां, संजय रविदास आदि मौजूद थे.

# 11 अवैध राशन कार्डधारियों पर कार्रवाई शुरू, नोटिस जारी

संवाददाता। रामगढ़

उपायुक्त चंदन कुमार ने अर्हता नहीं रखने वाले राशन कार्डधारियों का नाम राशन कार्ड की सूची से हटाने एवं उनके विरुद्ध जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था. इसी क्रम में जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा चलाए गए जांच अभियान के दौरान एक 11 लोगों को अवैध रूप से राशन कार्ड रखने का दोषी पाया गया. वहीं एक डीलर को काला बाजारी एवं कम राशन देने के मामले में दोषी पाया गया.

जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए इन सभी को जुर्माना लगाया है. तय समयावधि में जुर्माना राशि जमा नहीं करने वालों के विरुद्ध अब नीलम पत्र वाद शुरू कर दिया गया है. सभी दोषियों को धारा 7 के तहत नोटिस निर्गत किया गया है. इनमें संध्या देवी, हलदर महतो, वीणा देवी, बकाउल्लाह, प्रमिला देवी, कुसुम राणा, फगनी देवी, संगीता देवी, फोकन साव एवं कमला देवी शामिल हैं. वहीं काला बाजारी एवं कम राशन देने के मामले में डीलर गंगा प्रसाद को चिह्नित किया गया है.

**बड़ी कार्रवाई**
- एक डीलर को कालाबाजारी के मामले में दोषी पाया गया
- सभी के खिलाफ लगाया गया जुर्माना, नीलम पत्र वाद शुरू

### बेसहारा परिवार की मदद कर कोषागार पदाधिकारी ने पेश की नजीर

# बिखरी उम्मीदों में आशाओं के पंख

संवाददाता। हजारीबाग

जिला कोषागार पदाधिकारी उज्ज्वल चौरसिया ने एक बेसहारा गरीब परिवार की मदद कर ऐसी नजीर पेश की है. उन्होंने आर्थिक तंगी से जूझ रहे एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी के परिवार के लिए खत्म हो चुकी पेंशन की उम्मीद को फिर से जिंदा कर न मानवता की सेवा का परिचय दिया है. दरअसल, इचाक अंचल कार्यालय से सेवानिवृत्त लिपिक शिव प्रसाद की मृत्यु के पश्चात उनकी पांच पुत्रियों (दो दिव्यांग) के समक्ष समस्याओं का पहाड़ खड़ा हो गया था.

उनकी देखभाल की जिम्मेवारी उनकी बड़ी बहन के कंधों पर थी. शिव प्रसाद अविभाजित बिहार के समय में सेवा में आए थे और बीते वर्ष हजारीबाग से सेवानिवृत्त हुए थे. उनके घर में कोई पुरुष नहीं होने तथा खुद बीमार रहने व दिव्यांग बेटियों की परवरिश के कारण पेंशन आदि विभागीय कार्रवाई नहीं हो पाई थी. उनके आकस्मिक निधन के बाद परिवार के भरण-पोषण की बड़ी समस्या खड़ी हो गई थी. पेंशन स्वीकृति संबंधी जानकारी जिला समाहरणालय के कोषागार कार्यालय को प्राप्त होने के बाद कोषागार पदाधिकारी (टीओ) उज्ज्वल चौरसिया व्यक्तिगत तौर पर उक्त परिवार के घर गए.

वहां परिवार की परिस्थितियां काफी दयनीय पाई. टीओ ने बताया कि पेंशन निर्गत करने के लिए बिहार सरकार के एजी कार्यालय से लेकर झारखंड सरकार के एजी कार्यालय तक कई चरणों में वार्ता की गई तथा कागजातों को एकत्रित किया गया. अंततः दोनों राज्यों से सहमति की स्वीकृति के फलस्वरूप कोषागार कार्यालय को पेंशन निर्गत करने की सैद्धांतिक मंजूरी मिल गईं. इतने प्रयासों के बाद अब स्व. शिव प्रसाद की बेटियों को उनके पिता के पेंशन का लाभ मिल पाएगा.



**दिखाई मानवता**
- सेवानिवृत्त कर्मी की मौत के बाद अटका पड़ा था पेंशन
- टीओ ने एजी कार्यालय से वार्ता कर शुरू कराया पेंशन

### माता शबरी मंदिर का वार्षिकोत्सव 16 से

**चौपारण।** अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति चौपारण द्वारा आयोजित श्री श्री 108 श्री रुद्र चंडी एवं माता शबरी वर्षगांठ महोत्सव की तैयारी जोरो पर है. 16 फरवरी को आयोजित कलश यात्रा में शामिल होने के लिए समिति के पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव को आमंत्रित किया है. पूर्व विधायक ने कहा कि माता शबरी की कृपा से शबरी माता मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव भव्य होगा. आयोजन समिति सह प्रखंड कमेटी चौपारण के अध्यक्ष आजाद भुइयां, उपाध्यक्ष बिरेंद्र भुइयां, सचिव दिगंबर भुइयां, उपसचिव रामप्रसाद भुइयां, कोषाध्यक्ष संतोष भुइयां, उप कोषाध्यक्ष कैलाश भुइयां, समन्वयक काशी भुइयां ने बताया कि 16 फरवरी को कलश यात्रा एवं 24 फरवरी को पूर्णाहुति के साथ यज्ञ संपन्न होगा. यज्ञ का आयोजन आचार्य धनंजय पांडेय व कथावाचक श्रीरामजी शास्त्री की देखरेख में होगा. इस वर्ष मीना बाजार, झूला आदि आकर्षण का केंद्र रहेगा.

### महात्मा नारायण दास ग्रोवर की पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य जांच शिविर

# 350 की हुई नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच

संवाददाता। रामगढ़

कोयलांचल क्षेत्र में डीएवी जैसी संस्था को अपने अथक प्रयास से पल्लवित और पुष्पित करने वाले महात्मा नारायण दास ग्रोवर एक शिक्षाविद के रूप में जाने जाते हैं. वह ऐसे समाजसेवी थे, जिन्होंने डीएवी संस्था में अवैतनिक कार्य किया. साथ ही खूंटी जैसे सुदूर क्षेत्र में समाज सेवा का अलख जगाया. विद्यालय की प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. उर्मिला सिंह ने महात्मा नारायण दास ग्रोवर की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया.

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे. महात्मा नारायण दास ग्रोवर की पुण्यतिथि के अवसर पर डीएवी बरकाकाना में सदर अस्पताल रामगढ़ के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया. इस शिविर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग उपस्थित हुए एवं उनलोगों ने चिकित्सीय परामर्श एवं चिकित्सा का लाभ उठाया. इस अवसर पर डीएवी बरकाकाना के आसपास के 250 लोगों एवं विद्यालय के 100 लोगों की चिकित्सीय जांच कर आवश्यक परामर्श और दवाइयां दी गईं. जांच शिविर में मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. महालक्ष्मी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार चौधरी, डॉ. आकाश कमल, डॉ. दीप्ति नारायण, हेल्थ मैनेजर आलोक कुमार, अमर कुमार, फार्मासिस्ट निरंजन शर्मा, स्नेहा बक्शी, फुलमनी कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.



**नेक कार्य**
- महात्मा नारायण दास ग्रोवर की पुष्णतिथि पर लगा शिविर
- डीएवी बरकाकाना की प्राचार्य ने श्रद्धासुमन अर्पित किया

**प्रथम दिन**

### कड़ी सुरक्षा के बीच मैट्रिक और इंटर की परीक्षा शुरू, पहले दिन दोनों पालियों कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न

# मैट्रिक में 3529 व इंटर में 2212 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

संवाददाता। हजारीबाग

झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटर की परीक्षा मंगलवार से हजारीबाग के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हो गई. पहले दिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आईआईटी व अन्य वोकेशनल विषयों की पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न हुई. प्रथम पाली में मैट्रिक और द्वितीय पाली में इंटर की परीक्षा हुई.

प्रशासनिक स्तर पर परीक्षा के सफल संचालन के लिए दारू प्रखंड में बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात रहीं. वहीं, सुरक्षा की जवाबदेही स्थानीय पुलिस ने संभाला. परीक्षार्थियों को पूरी तरह जांच-पड़ताल के बाद ही परीक्षा केंद्र के भीतर प्रवेश दिया गया. सुबह करीब आठ बजे से ही परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर पहुंचने लगे थे. पदाधिकारी एवं शिक्षक कदाचार मुक्त परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन कराने में लगे रहे. परीक्षा के दौरान डीसी, एसपी से लेकर जिले के अन्य पदाधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया.

इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेंद्र नारायण ने बताया कि जिले में मैट्रिक परीक्षा के लिए बनाए गए 40 केंद्रों पर कुल 3555 परीक्षार्थियों में 3529 परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 26 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. वहीं, मैट्रिक इंटरमीडिएट के लिए बनाए गए कुल 40 केंद्रों पर कुल 2228 परीक्षार्थियों में 2212 परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. दोनों पालियों में कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न हुई.



**परीक्षा शुरू**
- मैट्रिक की परीक्षा में 26 व इंटर में 16 रहे अनुपस्थित
- डीसी और एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

#### सीओ व बीडीओ ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**केरेडारी।** कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन को लेकर सीओ रामरतन वर्णवाल व बीडीओ अमित कुमार ने मंगलवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया. बता दें कि इस बार प्रखंड क्षेत्र के बच्चों को होम ब्लॉक में परीक्षा केंद्र की सुविधा दी गई है. यहां प्लस टू हाई स्कूल केरेडारी, एसएस हाई स्कूल केरेडारी, मध्य विद्यालय कराली, कन्या मध्य विद्यालय केरेडारी व हाई स्कूल गरिकला में परीक्षा केंद्र बना है. प्रथम पाली में सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल और द्वितीय पाली में बीडीओ अमित कुमार को मुख्य दंडाधिकारी नियुक्त किया गया है. प्लस टू हाई स्कूल केरेडारी में केंद्राधीक्षक प्राचार्य राकेश पंडित, एसएस हाई स्कूल केरेडारी में केंद्राधीक्षक शिक्षक महेंद्र रविदास, मध्य विद्यालय कराली में केंद्राधीक्षक शिक्षक अंबर प्रसाद मित्रा, कन्या मध्य विद्यालय केरेडारी में केंद्राधीक्षक शिक्षक अवधेश पांडेय और हाई स्कूल गरिकला में केंद्राधीक्षक शिक्षक रामजीवन महतो को बनाया गया है. सभी जगह परीक्षा संचालन के लिए दूसरे विद्यालयों से 62 शिक्षकों को प्रतिनियुक्त किए गए हैं.

### सिस्टा के पदाधिकारियों ने किया नये जीएम का स्वागत

# एक-दूसरे के सहयोग से प्राप्त करेंगे उत्पादन का लक्ष्य : विनोद

संवाददाता। रामगढ़

कोल इंडिया एससी-एसटी इंप्लाइज एसोसिएशन (सिस्टा) द्वारा मंगलवार को रजरप्पा क्षेत्र के नए महाप्रबंधक विनोद कुमार का स्वागत किया. इस दौरान संगठन के नेताओं ने महाप्रबंधक को शॉल एवं पुष्पगुच्छ दिया. साथ ही संगठन से संबंधित समस्याओं से भी अवगत कराया. मौके पर महाप्रबंधक बिनोद कुमार ने कहा कि सिस्टा एक अच्छा संगठन है, जो एससी-एसटी के अधिकारी एवं कर्मचारी से जुड़े लोगों को मजबूत बनाता है.

उन्होंने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी भी तरह की समस्या होने पर तुरंत समाधान करने की कोशिश करूंगा. वहीं सिस्टा संगठन के तमाम पदाधिकारियों व सदस्यों ने कहा कि एक-दूसरे को सहयोग करते हुए उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त करेंगे. साथ ही साथ रजरप्पा क्षेत्र को एक नई दिशा देने का काम भी किया जाएगा. मौके पर सिस्टा संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष रोगन मांझी, सचिव जगन रविदास, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार, प्रोजेक्ट शाखा सचिव जीत राम, वाशरी शाखा के सचिव मेहीलाल मांझी, अरुंजय कुमार रवि, शिव राम, नंदकिशोर राम, काश्मीरा कुमार, युगल किशोर, शोभा बड़ाईक, राजेंद्र राम, जीतू कुमार बेदिया सहित कई मौजूद थे.

